हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 286, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 18 अप्रैल, 2024 दिन गुरुवार गाजीपुर/वाराणसी

सूर्य तिलकः राम के ललाट पर सूर्य देव ने किया तिलक

पांच मिनट तक हुए अभिषेक को कौतुक से देखती रही दुनिया

अयोध्या। रामलला का सूर्य अभिषेक दोपहर 12 बजकर 01 मिनट पर हुआ। सूर्य की किरणें रामलला के चेहरे पर पड़ीं। करीब 75 मिमी का टीका राम के चेहरे पर बना। दुनिया भक्ति और विज्ञान के अद्भुत संगम को भक्तिभाव से निहारती रही। यह धर्म और विज्ञान का भी चमत्कारिक मेल रहा। इस सूर्य तिलक के लिए वैज्ञानिकों ने कई महीने से तैयारी की थी। इसके लिए कई ट्रायल किए गए। आज दोपहर में जैसे ही घड़ी में 12 बजकर 01 मिनट हुए सूर्य की किरणें सीधा राम के चेहरे पर पहुंच गईं। 12 बजकर एक मिनट से 12 बजकर 6 मिनट तक सूर्य अभिषेक होता रहा। पूरे पांच मिनट तक यह प्रक्रिया चली।



पांच मिनट तक बना रहा टीका- वैज्ञानिकों ने बीते 20 वर्षों में अयोध्या के आकाश में सूर्य की गति अध्ययन किया है। सटीक दिशा आदि का निर्धारण करके मंदिर के ऊपरी तल पर रिफ्लेक्टर और लेंस स्थापित किया है। सूर्य रश्मियों को घुमा फिराकर रामलला के ललाट तक पहुंचाया गया। सूर्य की किरणें ऊपरी तल के लेंस पर पड़ीं। उसके बाद तीन लेंस से होती हुई दूसरे तल के मिरर पर आईं। अंत में सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर 75 मिलीमीटर के टीके के रूप में दैदीप्तिमान होती रहीं और ये लगभग पांच मिनट तक टिकी रहीं।

यह तकनीक अपनाई गई- सूर्य तिलक के लिए आईआईटी रुड़की सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक खास ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम तैयार किया है। इसमें मंदिर के सबसे ऊपरी तल (तीसरे तल) पर लगे दर्पण पर ठीक दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें पड़ेंगी। दर्पण से 90 डिग्री पर परावर्तित होकर ये किरणे एक पीतल के पाइप में जाएंगी। पाइप के छोर पर एक दूसरा दर्पण लगा है। इस दर्पण से सूर्य किरणें एक बार फिर से परावर्तित होंगी और पीतल की पाइप के साथ 90 डिग्री पर मुड़ जाएंगी।

तीन लेंसों से होकर गुजरीं किरणें- दूसरी बार परावर्तित होने के बाद सूर्य किरणें लंबवत दिशा में नीचे की ओर चलेंगी। किरणों के इस रास्ते में एक के बाद एक तीन लेंस पड़ेंगे, जिनसे इनकी तीव्रता और बढ़ जाएगी। लंबवत पाइप जाती है। लंबवत पाइप के दूसरे छोर पर एक और दर्पण लगा है। बढ़ी हुई तीव्रता के साथ किरणें इस दर्पण पर पड़ेंगी और पुनः 90 डिग्री पर मुड़ जाएंगी। 90 डिग्री पर मुड़ी ये किरणें सीधे राम लला के मस्तक पर पड़ेंगी। इस तरह से राम लला का सूर्य तिलक पूरा होगा।

12 बजे से हुआ जन्मोत्सव- दोपहर 12 बजे से राम का जन्मोत्सव मनाया गया। केदार, गजकेसरी, पारिजात, अमला, शुभ, वाशि, सरल, काहल और रवियोग बने। आचार्य राकेश तिवारी ने बताया कि वाल्मीकि रामायण में लिखा है कि रामजन्म के समय सूर्य और शुक्र अपनी उच्च राशि में थे। चंद्रमा खुद की राशि में मौजूद थे। इस साल भी ऐसा ही हो रहा है। आचार्य राकेश के अनुसार, ये शुभ योग अयोध्या सहित पूरे भारत की तरक्की के मार्ग प्रशस्त करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने असम में हेलीकॉप्टर में बैठकर देखा रामलला का 'सूर्य तिलक', बोले- यह मेरे लिए भावुक क्षण

नलबाड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम के नलबाड़ी में चुनाव प्रचार किया। उनकी इस रैली में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए है। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने वहां मौजूद लोगों को रामनवमी की बधाई दी। इस खास मौके पर उन्होंने फोन की फ्लैश लाइट जला कर लोगों से रामलला के सूर्य तिलक से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब सूर्य देवता स्वयं प्रभु राम के जन्मदिन को मनाने के लिए किरण के रूप में उतर रहे हैं, पूरे देश में एक नया माहौल है और ये प्रभु श्रीराम का जन्मदिन 500 साल बाद आया है, जब उन्हें अपने घर में जन्मदिन मनाने का सौभाग्य मिला है। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "आज रामनवमी का ऐतिहासिक अवसर है। 500 वर्षों के इंतजार के बाद भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। अभी कुछ मिनटों के बाद प्रभु राम का सूर्य तिलक करके, उनका जन्मोत्सव अयोध्या की पवित्र नगरी में, राम मंदिर में मनाया जाएगा।" पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर बताया कि उन्हें नलबाड़ी की सभा के बाद अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का

क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा।

फिर एक बार मोदी सरकारः नलबाड़ी में बोले पीएम मोदी- लोकसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी ने कहा, "चार जून को नतीजा क्या होने जा रहा है, ये साफ दिखाई दे रहा है। इसलिए लोग कहते हैं - 4 जून, 400 पार। फिर एक बार मोदी सरकार।" उन्होंने आगे कहा, "2014 में मोदी आपके बीच एक उम्मीद लेकर आया था। 2019 में मोदी एक विश्वास लेकर आया और 2024 में जब मोदी असम की धरती पर आया है तब मोदी गारंटी लेकर आया है। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी।"

उन्होंने कहा, "आज पूरे देश में मोदी की गारंटी चल रही है। पूर्वोत्तर तो खुद ही मोदी की गारंटी का गवाह है। जिस पूर्वोत्तर को कांग्रेस ने सिर्फ समस्याएं दी थी, उस पूर्वोत्तर को भाजपा ने संभावनाओं का स्रोत बना दिया है। कांग्रेस ने अलगाववाद को खाद पानी दिया, मोदी ने पूर्वोत्तर को गले लगाने का काम किया। मोदी ने शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किए। जो कांग्रेस के 60 सालों में नहीं हुआ वो मोदी ने 10 वर्षों में करके दिखाया।"

भाजपा सबका साथ, सबका विकास मंत्र पर चलती हैः पीएम मोदी- रैली में पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा वो पार्टी है, जो सबका साथ-सबका विकास के मंत्र पर चलती है। एनडीए सरकार की योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं होता, उनका लाभ हर किसी को मिलता है। अब एनडीए ने ठाना है कि देश के हर नागरिक तक पहुंचकर, जिस सुविधा का वो पात्र है, वो सुविधा उसे दी जाएगी।

कांकेर मुठभेड़ पर अमित शाह बोले- हम देश से उखाड़ फेंकेंगे नक्सलवाद, जारी रहेगी कार्रवाई

कांकेर। कांकेर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 29 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। बड़ी बात ये है कि 29 में से 15 महिला नक्सली शामिल हैं। इसी मामले को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। जब से मोदी जी प्रधानमंत्री बने हैं तब से बीजेपी सरकार ने नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ लगातार अभियान चलाया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी, उस अभियान को और गति मिली। अमित शाह ने आगे कहा कि 2014 से हमने कैंप लगाना शुरू किया। 2019 में दोबारा सरकार बनने के बाद लगभग तीन महीने में 250 कैंप लगाए जा चुके हैं। छत्तीसगढ़ में 80 नक्सली मारे गये हैं, 125 से ज्यादा गिरफ्तार किए गए हैं और 150 से ज्यादा नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। शाह ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि नक्सलियों के खिलाफ ये कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और बहुत कम समय में पीएम मोदी के नेतृत्व में हम देश से नक्सलवाद उखाड़ फेंकेंगे। वहीं कांकेर नक्सली मुठभेड़ पर आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने कहा कि सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई जो करीब 4 घंटे तक चली। डीआरजी और बीएसएफ की टीमों ने इलाके की घेराबंदी कर 29 नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों में 15 महिलाएं और 14 पुरुष थे। मौके से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। वहीं माओवादियों के शवों का पोस्टमार्टम चल रहा है। दरअसल मंगलवार को कांकेर में पुलिस फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी जिसमें 29 नक्सली मारे थे। मुठभेड़ में नक्सली कमांडर शंकर राव भी मारा गया था जिस पर 25 लाख का इनाम था। बताया जाता है कि मारा गया खूंखार नक्सली शंकर राव पर 25 लाख रुपये का इनाम था। वहीं मारी गई दो महिला नक्सली ललिता और मांडवी पर भी 25-25 लाख का इनाम था। शंकर राव, ललिता और मांडवी डीवीसी रैंक के लीडर थे।

रामनवमी 2024: गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी ने नौ नन्हीं कन्याओं के धोए पैर, कराया भोजन

गोरखपुर। चैत्र नवरात्र के समापन पर आज पूरे देश में धूमधाम से राम नवमी मनाई गई। इस अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी योगी आदित्यानाथ ने बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर गोरखनाथ मंदिर में पूरे विधि-विधान से नवमी पूजन किया। फिर कन्याओं की पूजा भी की। सीएम योगी ने मंदिर में करीब एक घंटे तक पूजा की और कन्याओं के पैर धोए व बटुक भैरवों की भी पूजा की। कन्या पूजन भी वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ। पूजा-हवन के बाद मुख्यमंत्री ने कन्याओं को खुद अपने हाथ से भोजन कराया। पूजन आदि से पहले योगी आदित्यनाथ ने कुछ समय मठ में आने वाले लोगों के साथ गुजारा फिर मठ स्थित शक्ति पीठ पहुंचकर हवन-पूजन किया। सीएम योगी ने मठ के पूजन कक्ष में मौजूद अन्य कन्याओं को भी खुद से भोजन कराया। इसके बाद उन्हें दक्षिणा देकर उनकी विधि पूर्वक विदाई की। वह दोनों नवरात्रों पर कन्या पूजन करते हैं। यह प्रक्रिया तब से चल रही है जब वह सीएम नहीं थे। कन्याओं की विदाई के साथ ही गोरखनाथ मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर के हाथों होने वाली नवमी की पूजा संपन्न हुई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कन्याओं के पूजन अर्चन के बाद उन्हें अपने हाथों से भोजन भी करवाया। वर्ष के दोनों नवरात्रों में सीएम योगी ऐसे ही कन्याओं की पूजा कर उन्हें भोजन करवाते हैं।

भारत की आबादी 144 करोड़ पहुंची, इनमें 0-14 आयु वर्ग की संख्या 24%, 65 की उम्र से ज्यादा 7% लोग

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की जनसंख्या 144 करोड़ तक पहुंच गई है, जिसमें 0-14 आयु वर्ग वाले 24 फीसदी है। 2011 में हुई पिछली जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या 121 करोड़ थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि प्रसव के दौरान होने वाली मौतों में गिरावट हुई है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की जनसंख्या में 0-14 आयु वर्ग वाले 24 फीसदी, जबकि 10-19 आयु वर्ग वाले 17 प्रतिशत है। भारत की जनसंख्या में 10-24 आयु वर्ग वाले 68 प्रतिशत, जबकि 65 और उससे अधिक उम्र वाले सात प्रतिशत लोग शामिल हैं। पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 और महिलाओं की 74 वर्ष है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 30 साल में यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में जो प्रगति हुई है, उसमें दुनियाभर के सबसे पिछड़े समुदायों को ज्यादातर नजरअंदाज ही किया गया है। इसके अलावा बताया गया कि भारत में 2006 से 2023 के

बीच बाल विवाह का प्रतिशत 23 था। भारत में प्रसव के दौरान होने वाली मौतों में गिरावट देखने को मिली है। पीएलओएस ग्लोबल पब्लिक हेल्थ के रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया गया कि 640 जिलों में प्रसव के दौरान होने वाली मौतों के अनुपात में 100,000 जीवित जन्मों में 70 से भी कम है। वहीं 114 जिलों में यह अनुपात 210 से ज्यादा है। रिपोर्ट में कहा गया, "दिव्यांग महिलाओं और लड़कियों, शरणार्थियों, जतीय अल्पसंख्यकों, समलैंगिग समुदाय के लोगों, एचआईवी से पीड़ित और वंचित जातियों को सबसे ज्यादा यौन और प्रजनन स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है।" भारत में दलित कार्यकताओं ने शिक्षा के क्षेत्र और कार्यस्थलों में जाति आधारित भेदभाव का सामना करने वाली महिलाओं के लिए कानूनी सुरक्षा को लेकर तर्क दिया है। उन्होंने बताया कि कुछ परिवार बिलकुल ही गरीब रह जाएंगे। वे अपने परिवार का भरन पोषण नहीं कर पाएंगे और अपने बच्चों को गरीबी से नहीं निकाल पाएंगे। इससे वे एक ऐसे चक्र में योगदान देंगे जो खराब यौन और प्रजनन स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है।

कमलनाथ के पास इतना पैसा है कि पूरे गांव को हेलीकॉप्टर बांट सकते हैं : सीएम मोहन

छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चौरई (छिंदवाड़ा) के धनोरा में चुनावी आमसभा के दौरान प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ पर बड़ा जुबानी हमला बोला है। उन्होंने चौरई विधानसभा क्षेत्र के डूब प्रभावित इलाके धनोरा में ग्रामीणों को चुनावी आमसभा के दौरान कहा, कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ के पास 700 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिसकी उन्होंने चुनावी हलफनामे में जानकारी दी है। वहीं, कमलनाथ के पास 1,700 करोड़ रुपये की संपत्ति है। वह चाहें तो पूरे गांव में हेलीकॉप्टर बांट सकते हैं। लेकिन कमलनाथ झूठे विकास का मॉडल बताकर जनता को 40 साल से गुमराह कर रहे हैं। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नकुलनाथ ने एक नंबर में अपने 700 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी बताई है, इतना पैसा उनके पास है कि दिमाग घूम जा रहा है। डॉ. मोहन यादव ने जनता से पूछते हुए कहा कि क्या कभी कमलनाथ ने आपको हेलीकॉप्टर में घुमाया है? चलो सुख में न घूमे कभी कोई बीमार हुआ है तो उन्हें हेलीकॉप्टर में लेकर अस्पताल पहुंचाया है नहीं पहुंचाया है। यही फर्क है, मोदी जी की सरकार और कमलनाथ में।

'परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के वादे पर रुख साफ करे कांग्रेस', राजनाथ ने साधा निशाना

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने देश में परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के चुनावी घोषणापत्र के वादे के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए इस मुद्दे पर कांग्रेस से अपना रुख जाहिर करने की मांग की। सिंह ने आरोप लगाया कि भारत के परमाणु हथियारों को नष्ट करने की बात करना राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि देश को कमजोर करने के लिए गहरी साजिश रची जा रही है। राज्य के कासरगोड जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने मांग की कि कांग्रेस को परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के घोषणापत्र में किए गए वादे पर अपना रुख जाहिर करना चाहिए क्योंकि इंदिरा गांधी सरकार ने ही देश का परमाणु कार्यक्रम शुरू किया था। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के 11 परमाणु संपन्न देशों में शामिल होने के लिए कड़ी मेहनत की और अपने परमाणु हथियारों को नष्ट करने से वह देश कमजोर देश बन जाएगा जिसके पड़ोसी पाकिस्तान और चीन परमाणु शक्तियों से लैस होंगे। माकपा ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि

परमाणु हथियारों और रासायनिक व जैविक हथियारों सहित सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों का पूर्ण सफाया किया जाएगा। सिंह ने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि वाम दल और कांग्रेस देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा नेता ने एक चुनावी बैठक में कहा, "भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है, उसे पतन का सामना करना पड़ा है, ऐसा ही देश में कांग्रेस और माकपा के साथ हुआ है। सिंह ने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन में सहयोगी दोनों पार्टियां भगवान राम या रामनवमी के त्योहार का महत्व नहीं समझती हैं।" उन्होंने कहा, 'इन लोगों ने रामनवमी के उत्सव में बाधाएं पैदा की हैं। हम सभी जानते हैं कि जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है, उसे देश में पतन का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस और माकपा के साथ यही हुआ है।' कांग्रेस और माकपा विपक्षी गुट इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) का हिस्सा हैं। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने यह भी दावा किया कि देश की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। हालांकि, कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों के कथनी और करनी अलग-अलग रहे हैं। सिंह ने यह भी विश्वास जताया कि भाजपा लोकसभा चुनाव में केरल से दोहरे अंक में सीटें जीतेगी। केरल में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव होंगे और नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने बुधवार को दावा किया कि भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है उसका पतन हुआ है और यही देश में कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के साथ हुआ।

देश ने सत्ता को नहीं सत्य को पूजा है; मोदी सत्य नहीं सत्ता के उपासक : प्रियंका गांधी

सहारनपुर। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को सहारनपुर की गोल कोठी से लेकर कुतुबशेर थाने तक रोड शो किया। करीब एक घंटा चले रोड शो में प्रियंका गांधी ने लगभग 12 मिनट जनता को संबोधित भी किया। इस दौरान प्रियंका गांधी ने मोदी पर खूब तंज कसे। प्रियंका ने कहा कि इस देश ने सत्ता को नहीं सत्य को पूजा है और मोदी सत्ता को पूजते हैं सत्य को नहीं। रोड शो अधिकतर मुस्लिम आबादी के बीच से गुजरा। कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन में वोट की अपील की। बता दें कि कांग्रेस की तरफ से अभी तक एक भी स्टार प्रचारक जिले में नहीं आया। कांग्रेस की ओर से आज पिय्रंका इस लोकसभा चुनाव में पश्चिमी यूपी में पहली बार प्रचार मैदान में पहुंचीं। रोड शो के दौरान प्रियंका गांधी ने रामनवमी को भी याद करते हुए कहा कि भगवान राम ने भी सत्य की लड़ाई लड़ी थी। जब उनके सामने रावण युद्ध करने के लिए आया तो सारी शक्ति रावण

के पास थी, लेकिन भगवान राम ने नौ व्रत रखकर सारी शक्ति अपने पास ले ली थी। इसके बाद रावण से युद्ध किया और सत्य की जीत हुई। प्रियंका गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने छोटे व्यापारी, गरीब, मजदूर के लिए कुछ नहीं किया और अडानी अंबानी का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया। भाजपा सरकार ने हमेशा अमीरों की जेबें भरी हैं। गरीब को कुछ नहीं मिला इलेक्ट्रोल बॉन्ड स्कीम भी भाजपा लेकर आई थी और वह इस सूची के नाम गोपनीय रखना चाहती थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने नाम उजागर करने के आदेश दिए तो भाजपा की पोल खुल गई। जो कंपनी 180 करोड रुपए का मुनाफा कमा रही है, वह कंपनी 1100 करोड रुपए का चंदा भाजपा को दे रही है।

संपादकीय

उलझे समीकरणों के बीच संभव नहीं कामयाबी दोहराना

राजस्थान में आसन्न लोकसभा चुनावों में भले राजनीतिक दल अपने-अपने दावे कर रहे हों, लेकिन स्थितियां पिछले आम चुनाव जैसी नहीं हैं। वह बात अलग है कि 2014 और 2019 में सभी 25 सीटों पर भाजपा ने कामयाबी हासिल की थी। एक तरफ भाजपा राज्य में हैट्रिक बनाने की पूरी कोशिश कर रही है लेकिन चुनावी मैदान में उसकी राह पहले जितनी आसान भी नहीं है। इस बार 25 लोकसभा सीटों में से बारह पर आमने-सामने का चुनावी मुकाबला कांटे का होता नजर जा रहा है। राज्य की 12 सीटों पर पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को और 13 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है। भाजपा के स्टार प्रचारक अपना मुख्य लक्ष्य राज्य के चार केंद्रीय मंत्रियों भूपेन्द्र यादव, अलवर, बाड़मेर में कैलाश चौधरी, जोधपुर में गजेंद्र सिंह शेखावत, बीकानेर में अर्जुन राम मेघवाल और कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्रों में स्पीकर ओम बिरला पर केंद्रित कर रहे हैं। इसके अलावा 25 में से 12 सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है। ये सीटें हैं बांसवाड़ा, झुंझुनू, टोंक-सवाईमाधोपुर, बाड़मेर, नागौर, कोटा-बूंदी, जालौर, सीकर, दौसा, चूरू, अलवर और जयपुर। बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर कांग्रेस असमंजस में है क्योंकि उसके उम्मीदवार अरविंद डामोर ने इंडिया ब्लॉक के भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) के उम्मीदवार व राजस्थान में मौजूदा विधायक राजकुमार रोत के समर्थन में अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। कांग्रेस और बीएपी दोनों पूरी तरह असमंजस में हैं कि क्या इंडिया गठबंधन के मानदंडों का पालन किया जाए या स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ा जाए। भाजपा बाड़मेर, झुंझुनू, चूरू, नागौर और कोटा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मुश्किल स्थिति में है, जहां पार्टी को अपने पार्टी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के लिए कोटा-बूंदी सीट पर हैट्रिक लगाना आसान नहीं होगा। हाल ही में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रहलाद गुंजल के पास बहुमत के साथ गुर्जर, मीना और अल्पसंख्यक वोट हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं के अंदरूनी समर्थन द्वारा बिरला की बेचैनी बढ़ा दी है। इसी तरह चूरू में भी भाजपा की चुनावी लड़ाई कठिन राह पर है क्योंकि भाजपा के सांसद राहुल कांसवा, जिन्हें पार्टी का टिकट नहीं मिला, कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। वे पैरा-ओलंपियन देवेंद्र झाझरिया को चुनौती दे रहे हैं। भाजपा के पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, जो चूरू जिले से थे, पिछले साल विधानसभा चुनाव हार गए, उन्हें इस सीट के लिए उम्मीदवार नहीं माना गया था। उनकी इस सीट पर बड़ी निर्णायक भूमिका होगी। नागौर लोकसभा सीट एक अन्य प्रमुख निर्वाचन क्षेत्र है, जहां भाजपा के पूर्व गठबंधन सहयोगी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल, जो अब इंडिया ब्लॉक पार्टनर बन गए हैं, भाजपा की ज्योति मिर्धा, जो कांग्रेस से भाजपा में आई हैं, के लिए कड़ा चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस से टिकट की उम्मीद कर रहे निर्दलीय उम्मीदवार रवींद्र सिंह भाटी ने केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी (भाजपा) और कांग्रेस के उमेदाराम बेनीवाल के साथ बाड़मेर लोकसभा सीट को त्रिकोणीय बना दिया है। भाजपा के प्रमुख संत सुमेधानंद सरस्वती सीकर निर्वाचन क्षेत्र में सीपीआई-एम के इंडिया ब्लॉक पार्टनर अमराराम, जो कांग्रेस के खुले समर्थन वाले किसान नेता हैं और आसपास के जिलों श्रीगंगानगर और हनुमागढ़ के साथियों के खिलाफ कड़ा चुनावी अभियान चला रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने बेटे वैभव गहलोत के लिए पिछले एक महीने से राजस्थान के पश्चिमी जिलों में चुनाव प्रचार कर रहे हैं, जो जालोर सीट पर भाजपा के नए आरएसएस प्रमुख लुंबा राम चौधरी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में वैभव जोधपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के गजेंद्र सिंह शेखावत, जो अब केंद्रीय मंत्री हैं, से 4 लाख वोटों के भारी अंतर से हार गए थे।

महासमर चुनाव का!

अपने अपने ढंग से ।
हो रही तैयारी ।।
महासमर चुनाव का ।
जिम्मेदारी भारी ।।
छोड़ने की कोशिश है ।
अपने अपने तीर ।।
डट चुके हैं आज ।
सारे लगभग वीर ।।
कर के रहेंगे हासिल ।
अपना अब मुकाम ।।
भावना से यही ।
जा रहा पैगाम ।।
जीतने की अब लगभग ।
मच गई है होड़ ।।
है पूरा प्रयास ।
हैं हम ही बेजोड़ ।।

–कृष्णेन्द्र राय

मुरादाबाद में अंदरूनी कलह के चलते ढह सकता है सपा का मजबूत दुर्ग

अजय कुमार

लोकसभा चुनाव के लिये प्रथम चरण के मतदान में गिनती के दिन शेष बचे है, ऐसे में मुरादाबाद लोकसभा सीट की लड़ाई दिन पर दिन और दिलचस्प होती जा रही है। कहानी में ताजा मोड़ तब आया जब समाजवादी पार्टी (सपा) जो पहले उम्मीदवार चयन को लेकर असमंजस से जूझ रही थी। मुरादाबाद में मौजूदा सांसद एसटी हसन की जगह रुचि वीरा को लेने के बाद सपा के भीतर भड़क उठी थी, जिन्हें जेल में बंद पार्टी नेता और कद्दावर नेता आजम खान की पसंद के रूप में देखा जाता है। पार्टी द्वारा तिरस्कृत किए जाने के बाद हसन ने स्वयं को वीरा के अभियान से अलग कर लिया है। हसन यदि वीरा के समर्थन में सामने आते हैं तो इससे मतदाताओं में एक अच्छा संदेश जाएगा। सपा नेताओं के एक वर्ग का मानना है कि मुरादाबाद के पूर्व महापौर हसन, जो अपनी चिकित्सा पद्धति के कारण क्षेत्र में एक लोकप्रिय व्यक्ति हैं, की जगह वीरा को लाना मुस्लिम मतदाताओं के एक वर्ग को पार्टी से दूर बसपा की ओर ले जा सकता है, जिसने ठाकुरद्वारा नगर पालिका के वर्तमान अध्यक्ष और स्थानीय ओबीसी मुस्लिम नेता इरफान सैफी को मैदान में उतारा है। मुस्लिम सपा का एक प्रमुख वोट बैंक है। मुरादाबाद लोकसभा सीट के 17 लाख मतदाताओं में से लगभग 47 फीसदी मुसलमान हैं, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा पसमांदा मुसलमानों का है। भाजपा द्वारा पसमांदा मुसलमानों को लुभाने पर जोर देने के साथ, मुस्लिम वोटों में विभाजन की भी संभावना है, जिससे भाजपा उम्मीदवार कुंवर सर्वेश कुमार को मदद मिलेगी। 2014 में, कुमार ने एसटी हसन को 87,000 से अधिक वोटों से हराकर मुरादाबाद जीता था। 2019 में, परिणाम बिल्कुल विपरीत था, कुमार इस बार हसन से लगभग 97,000 वोटों से हार गए, संभवत मुस्लिम वोटों के एकीकरण के कारण क्योंकि एसपी और बीएसपी गठबंधन में थे।

बहरहाल, 1992 में अपनी स्थापना के बाद से, सपा ने हमेशा इस सीट से मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी को उम्मीद है कि बनिया वीरा को मैदान में उतारने से उसे कुछ उच्च जाति के वोट हासिल करने में मदद मिलेगी, जिससे मुस्लिम समर्थकों के बीच विभाजन की संभावित हानि को रोका जा सकेगा। सपा को वीरा से हसन की नाराजगी और मुस्लिम वोटों के बंटवारे के अलावा मुरादाबाद में अपनी सहयोगी कांग्रेस से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान ने वीरा पर खराब रवैया रखने का आरोप लगाया है और कहा है कि वह चुनाव से तटस्थ रहेंगे। उन्होंने बताया कि मुझे लगता है कि वह (वीरा) चाहती थी कि मैं उसकी गुलामी करूं। मुझे वह पसंद नहीं आया. हालाँकि मैं उसका विरोध नहीं कर रहा हूँ, लेकिन मैं उसका समर्थन भी नहीं कर रहा हूँ।ह्व

उधर, वीरा के प्रतिनिधि सुनील भारद्वाज ने कहा कि सपा और कांग्रेस संगठनों के बीच अच्छा समन्वय है। ह्लमुरादाबाद एक बड़ा निर्वाचन क्षेत्र है और चुनाव प्रचार जारी है। हर किसी को समय देना कठिन है। हो सकता है कि किसी को ठेस पहुंची हो लेकिन यह उसकी ओर से पूरी तरह से अनजाने में हुआ होगा। उन्होंने डॉ हसन से भी संपर्क करने की कोशिश की और उनके आवास पर गईं, लेकिन वह उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस नेताओं का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया

है, जिसमें प्रचार के दैनिक कार्यक्रम पहले से साझा किए जाते हैं।

बहरहाल, कांग्रेस नेता रिजवान का वीरा के खिलाफ खुला ऐलान जमीन पर सपा और कांग्रेस के कार्यकताओं के बीच समन्वय और संवाद की कमी वाली तस्वरी पेश कर रहा है। कांग्रेस के एक नेता ने इस बात से इनकार किया कि उनकी ओर से कोई विरोध हुआ है, उन्होंने दावा किया कि कार्यक्रमों के बारे में एसपी की ओर से कोई सूचना नहीं होने के बाद भी पार्टी नेता खुद को अभियान में शामिल कर रहे हैं।

हालाँकि, हसन के नर्सिंग होम से बमुश्किल एक किलोमीटर दूर शहर के कचहरी इलाके में राय विभाजित है। एक व्यापारी मोहम्मद जमील ने कहा कि वह हसन को हटाने के एसपी के फैसले से खुश हैं। ह्लवह बहुत विनम्र हैं लेकिन पुलिस मामलों में गरीब लोगों की मदद करने के लिए अपने रास्ते से बाहर नहीं जाते हैं। वहीं वीरा भी इस सिलसिले में एक्टिव हैं। पिछले शुक्रवार को वह मुसलमानों से मिलीं, जो अलविदा-की-नमाज (रमजान के आखिरी शुक्रवार की प्रार्थना) अदा करने के बाद जामा मस्जिद से बाहर आ रहे थे और उन अधिकारियों से भिड़ गईं जो हमें चुनाव प्रचार करने से रोकने की कोशिश कर रहे थे। वह हमारे लिए लड़ सकती हैं। स्थानीय लकड़ी व्यापारी शमशुद्दीन ने दावा किया कि हसन ने विकास के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए कभी भी निर्वाचन क्षेत्र में यात्रा नहीं की। वह चाहते हैं कि मुरादाबाद में (आम आदमी पार्टी सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री) अरविंद केजरीवाल जैसा कोई नेता हो, जो हमें सस्ती दरों पर बुनियादी सुविधाएं दिलाने में मदद कर सके। शम्सुद्दीन ने कहा कि उन्हें भाजपा सरकार से कोई वास्तविक समस्या नहीं है। ह्लमैं सुरक्षित महसूस करता हूं क्योंकि यह कानून व्यवस्था पर अच्छा काम कर रहा है, लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ को सस्ती बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के बारे में भी सोचना चाहिए। शमशुद्दीन के पड़ोसी शारिक जावेद जिले में अपने सबसे बड़े नेता एसटी हसन को सपा द्वारा हटाए जाने से नाराज हैं और उन्होंने कहा कि मुस्लिम वोट बंट जाएगा। सपा के एक जिला पदाधिकारी ने भी जावेद के विचारों से सहमति जताई। नेता ने कहा कि चूंकि हसन की जगह एक हिंदू उम्मीदवार को लाया गया है, इसलिए समुदाय का एक वर्ग सैफी को पसंद करेगा।

बात बीजेपी की कि जाये तो पिछले साल अगस्त में, आदित्यनाथ सरकार ने 1980 में मुरादाबाद में हुए सांप्रदायिक दंगों पर जस्टिस एमपी सक्सेना आयोग की रिपोर्ट के निष्कर्षों को सार्वजनिक किया, जिसकी विपक्ष ने तीखी आलोचना की, जिसने भाजपा पर सीट पर चुनाव का धुव्रीकरण करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। बात दें 13 अगस्त, 1980 को मुरादाबाद शहर की एक ईदगाह में एक सुअर के घुसने के बाद दंगे भड़क उठे थे। मुसलमानों और पुलिस के बीच हुए विवाद और पुलिस गोलीबारी में कई मुसलमानों की मौत हो गई थी। यह घटना तब हुई जब उत्तर प्रदेश और केंद्र दोनों में क्रमशः वीपी सिंह और इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थीं। नवंबर 1983 में इसकी रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत कर दी गई थी, लेकिन अब सार्वजनिक हुई रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार, हिंसा में भाजपा, आरएसएस और पुलिस सशस्त्र कांस्टेबुलरी की कोई भूमिका नहीं थी। रिपोर्ट में आईयूएमएल नेता शमीम अहमद और एक हामिद हुसैन को दोषी ठहराया गया है।

प्रतिकूलता को अनुकूलता में बदलने वाले श्रीराम : डॉ. आरसी पांडेय

चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमीं तिथि को राम नवमी मनाई जाती है। धार्मिक पुराणों के अनुसार इसी नवमी तिथि को भगवन श्रीराम माता कौशल्या की कोख से जन्म लिया था। मनुष्य के रूप में भगवान श्रीराम ने ऐसा आदर्श प्रस्तुत किया कि वे भारतीय संस्कृति के प्रतीक बन गए। अपनी लोक कल्याणकारी भूमिका व नीतियों के प्रतिष्ठाता के रूप में वे जन-जन के कंठाहार हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम राम का आदर्श युग युगांतर तक प्रासंगिक रहेगा। उनका पूरा जीवन मयार्दा के अनुकूल रहा। वे मनुष्य के श्रेष्ठ गुणों के श्रोत हैं। वे धैर्य, क्षमा, शील, दया, त्याग, सहनशीलता तथा वीरता के भावों के सागर हैं। राम विपरीत परिस्थितियों में विचलित नहीं होते हैं। प्रतिकूल परिस्थितियों को अपने अनुकूल बना लेते हैं। राम को अयोध्या के राजा बनाने की तैयारी चल रही है उसी बीच उन्हें पता चलता है कि उन्हें राजसत्ता नहीं बल्कि वनवास मिल रहा है। पिता के वचन का पालन करने के लिए वे खुशी-खुशी वन जाना स्वीकार कर लेते हैं। बिना किसी किंतु-परंतु के श्रीराम वनवास को भी सकारात्मकता से जोड़ लेते हैं। तुलसीदास जी लिखते हैं कि वनवास की बात सुनकर श्रीराम जी विचार करते हैं कि 'मुनिगन मिलनु बिसेषि बन सबहि भाँति हित मोर। तेहि महँ पितु आयसु बहुरि संमत जननी तोर'। राम सोचते हैं कि वन में ऋषियों व मुनियों का सानिध्य मिलेगा। इसमें तो मेरा सब प्रकार से ही भला होगा। कहना न होगा कि राम वन जाकर बन जाते हैं। वे एक राजकुमार के रूप में वन जाते हैं और मयार्दा पुरुषोत्तम बनकर अयोध्या लौटते हैं। श्रीराम के जीवन से सीख मिलती है कि तेजस्वी बनना है तो सबसे पहले त्याग करना सीखो। यशस्वी बनना है तो सबसे पहले सामान्य जीवन जीना सीखो। लोकप्रियता पानी हो तो समाज के सभी वर्गों का आदर करना सीखो। राम सत्तासुख को ठुकराते हुए जीवन मूल्यों की रक्षा करना स्वीकार करते हैं। इसलिए राम वनवास को भी अपने अनुकूल बना लेते हैं और वहां राक्षसों का दलन करते हुए सज्जनों की रक्षा करते हैं। सीता हरण के दौरान वे धैर्य से काम लेते हैं। अपने कुशल प्रबंधन की वजह से कम संसाधनों में भी प्रतापी राजा रावण का संहार करते हैं।

राम एक आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति,आदर्श शिष्य, आदर्श मित्र तथा आदर्श राजा हैं। पारिवारिक संबंधों के तानाबाना को बनाए रखते हैं। जिस कैकेई की वजह से उन्हें वनवास मिला था उनसे वे कटुता का भाव नहीं रखते बल्कि उन्हें और ज्यादा सम्मान देते हैं। इसलिए चित्रकूट में तीनों माताओं के पहुंचने पर श्रीराम सबसे पहले माता कैकेयी के पास ही पहुंचकर प्रणाम करते हैं। राम मित्रता धर्म का निर्वहन बड़ी सजगता से करते हैं। कहा जाता है कि मित्रता हमेशा बराबर वालों के बीच होती है। राम इस बात को झुठलाते हैं। वे आदिवासी समाज के निषादराज को अपना मित्र बनाते हैं। तुलसीदास जी लिखते हैं कि श्रीराम निषादराज से कहते हैं कि 'तुम्ह मम सखा भरत सम भ्राता। सदा रहेहु पुर आवत जाता।' श्रीराम जी निषादराज को अपने भाई भरत के समतुल्य खड़ा करते हैं। इसी तरह वे सुग्रीव व विभीषण से भी मित्रता निभाते हैं। मानस के श्रीराम सुग्रीव से कहते हैं कि 'जे न मित्र दुःख होहिं दुखारी। तिन्हहि बिलोकत पातक भारी'। यानी की जो मित्र के दुःख में दुःखी न हो उसे देखना भी पाप होता है। राम एक यशस्वी राजा हैं। उनके राज्य में सभी सुखपूर्वक रहते हैं। किसी को कोई पीड़ा नहीं है। सभी परस्पर प्रेमभाव से रहते हैं। रामराज्य की विशेषता है कि 'दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहि ब्यापा। सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती'। श्रीराम के राज्य की शासन व्यवस्था उत्तम है। सभी अपनी योग्यता के अनुरूप कार्य करते हैं। सभी का आचरण व व्यवहार धर्म के अनुकूल है। कहना न होगा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का जीवन और उनका आदर्श संपूर्ण मानव जाति के लिए अनुकरणीय है। अब आवश्यकता है कि रामचरित के श्रवण के साथ ही रामचरित का अनुसरण भी किया जाए।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

राजनीति में भी चमके मीडिया के सितारे

प्रो. संजय द्विवेदी

इन दिनों देश में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। जाहिर है राजनीति का आकर्षण प्रबल है। सिने कलाकार, साहित्यकार, वकील, न्यायाधीश, खिलाड़ी, गायक, उद्योगपति सब क्षेत्रों के लोग राजनीति में हाथ आजमाना चाहते हैं। ऐसा ही हाल पत्रकारिता के सितारों का भी है। मीडिया और पत्रकारिता के अनेक चमकीले नाम राजनीति के मैदान में उतरे और सफल रहे। आजादी के आंदोलन में तो मीडिया को एक तंत्र की तरह इस्तेमाल करने के लिए प्रायः सभी वरिष्ठ राजनेता पत्रकारिता से जुड़े और उजली परंपराएं खड़ी कीं। बालगंगाधर तिलक, महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चन्द्र बोस, महामना मदनमोहन मालवीय, पंडित नेहरू सभी पत्रकार रहे। आजादी के बाद बदलते दौर में पत्रकारिता और राजनीति की राहें अलग-अलग हो गईं, लेकिन सत्ता का आकर्षण बढ़ गया। जनपक्ष, राष्ट्र सेवा की पत्रकारिता अब आजाद भारत में राष्ट्र निर्माण का भाव भरने में लगी थी। सेवा राजनीति के माध्यम से भी की जा सकती है, यह भाव भी प्रबल हुआ।

राजनीतिक दलों से संबंधित समाचार पत्रों, पत्रिकाओं के अलावा मुख्यधारा की पत्रकारिता से भी लोग राजनीति में आए, जिसमें सबसे खास नाम श्री अटल बिहारी वाजपेयी का है, जो 'वीर अर्जुन' जैसे दैनिक अखबार के संपादक रहे। इसके साथ ही वे 'स्वदेश', 'पांचजन्य' और 'राष्ट्रधर्म' के भी संपादक रह चुके थे। वह जहां संसदीय राजनीति के लंबे अनुभव के साथ प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री भी रहे, तो वहीं भाजपा के वह संस्थापक अध्यक्ष भी रहे। उप प्रधानमंत्री रहे लालकृष्ण आडवाणी भी 'हिंदुस्तान समाचार' और 'ऑर्गनाइजर' से जुड़े रहे, फिर राजनीति में आए।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे द्वारिका प्रसाद मिश्र दैनिक 'लोकमत', साप्ताहिक 'सारथी' और 'श्री शारदा' के संपादक के रूप में ख्याति प्राप्त हुए। विंध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शंभूनाथ शुक्ल बाद में बने मध्यप्रदेश में मंत्री और सांसद रहे। 'विशाल भारत' के संपादक रहे बनारसी दास चतुर्वेदी दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। गणेश शंकर विद्यार्थी के शिष्य रहे बालकृष्ण शर्मा नवीन 'प्रताप' के संपादक रहे और कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। महाराष्ट्र का दर्डा परिवार राजनीति में अग्रणी रहा। 'लोकमत' समाचार के संस्थापक जवाहरलाल दर्डा, राजेन्द्र दर्डा और विजय दर्डा सांसद, विधायक और मंत्री रहे। 'विजया कर्नाटक' और 'कन्नड़ प्रभा' अखबार से जुड़े रहे प्रताप सिम्हा भाजपा से दो बार लोकसभा पहुंचे। उनका नाम चर्चा में तब आया, जब उनके द्वारा अनुमोदित विजिटर पास से दो युवकों ने नई संसद में पहुंच कर हंगामा किया।

मूलतः पत्रकारिता से सार्वजनिक जीवन में आने वाले मोतीलाल वोरा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और लंबे समय तक कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रहे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे श्यामाचरण शुक्ल ने रायपुर से 'दैनिक महाकौशल' अखबार निकाला। भाजपा के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों के अध्यक्ष रहे लखीराम अग्रवाल ने बिलासपुर से 'लोकस्वर' अखबार निकाला। बिलासपुर के पत्रकार बीआर यादव मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री और चार बार विधायक रहे। बिलासपुर के ही रहने वाले कवि, पत्रकार श्रीकांत वर्मा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा के सदस्य रहे। वे 'दिनमान' के संपादक मंडल में रहने के बाद राजनीति में आए। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के रहने वाले चंदूलाल चंद्राकर दैनिक 'हिन्दुस्तान' के संपादक रहे।

बाद में कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा में भेजा। राजनांदगांव के पत्रकार लीलाराम भोजवानी छत्तीसगढ़ सरकार में श्रम मंत्री रहे। 'देशबन्धु' में पत्रकारिता का पाठ पढ़ने वाले चंद्रशेखर साहू छत्तीसगढ़ से सांसद, मंत्री और विधायक रहे। मध्यप्रदेश में सीहोर के पत्रकार शंकर लाल साहू विधायक रहे। त्रिभुवन यादव पिपरिया से विधायक चुने गए। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे और दो बार विधायक चुने गए विष्णु राजोरिया मूलतः पत्रकार ही हैं, बाद में उन्होंने 'शिखर वार्ता' पत्रिका भी निकाली। मप्र में ही केएन प्रधान सांसद, विधायक और मंत्री भी रहे। नागपुर के अंग्रेजी अखबार 'हितवाद' के प्रकाशन करने वाले बनवारी लाल पुरोहित कांग्रेस और भाजपा दोनों से लोकसभा पहुंचे। संपादक रहे हरिवंश को दो बार राज्यसभा भेजा, वह इन दिनों राज्यसभा के उपसभापति भी हैं। 'ऑर्गनाइजर' के संपादक रहे श्री के.आर.मलकानी बाद में राज्यसभा पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी ने चंदन मित्रा, दीनानाथ मिश्र, बलबीर पुंज, राजनाथ सिंह सूर्य, नरेन्द्र मोहन, प्रभात झा, तरुण विजय, स्वप्नदास गुप्ता को राज्यसभा भेजा। इनमें मित्रा बाद में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए, जबकि पुंज और झा पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे। प्रभात झा मध्यप्रदेश भाजपा के चर्चित अध्यक्ष भी रहे। भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों में रह चुके वरिष्ठ पत्रकार एमजे अकबर किशनगंज से कांग्रेस से लोकसभा पहुंचे। बाद में भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेजा और विदेश राज्य मंत्री संप्रति वे पंजाब के राज्यपाल हैं।

कांग्रेस ने राजीव शुक्ला, प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी, कुमार केतकर, विजय दर्डा आदि को राज्यसभा से नवाजा। राजीव शुक्ला मनमोहन सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे। वरिष्ठ पत्रकार संजय निरुपम लोकसभा पहुंचे और मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। 'सामना' के संपादक संजय राऊत अपने धारदार बयानों के लिए लोकप्रिय हैं, वे भी राज्यसभा सदस्य हैं। जनता दल (यू) ने प्रभात खबर के बनाया।

तृणमूल कांग्रेस ने हाल में ही अंग्रेजी की पत्रकार सागरिका घोष को राज्यसभा भेजा है। इसके पूर्व उर्दू पत्रकारिता से जुड़े रहे नदीमुल हक भी राज्यसभा में पहुंचे। हिंदी अखबार 'सन्मार्ग' के मालिक विवेक गुप्ता तृणमूल से सांसद भी रहे, अब विधानसभा में हैं। कुणाल घोष भी इसी दल से राज्यसभा पहुंचे। हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश कौशिक भी मूलतः पत्रकार हैं। वह दिल्ली और शिमला में पत्रकारिता की लंबी पारी के बाद राजनीति में आए। हरियाणा के अंबाला लोकसभा क्षेत्र से 2014 में भाजपा सांसद चुने गए अश्विनी कुमार अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन 'पंजाब केसरी' के माध्यम से की गई उनकी धारदार पत्रकारिता लोगों के जेहन में है। 'इकोनॉमिक टाइम्स' में रहे देवेश कुमार बिहार में भाजपा से विधान परिषद में है और प्रदेश महामंत्री भी हैं। हरियाणा सरकार में वित्त मंत्री रहे कैप्टन अभिमन्यु भी दैनिक 'हरिभूमि' के संपादक, प्रकाशक रहे हैं। उर्दू के पत्रकार शाहिद सिद्दीकी (नई दुनिया) सपा से, तो मीम अफजल (अखबार-ए-नौ) कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। आंध्र प्रदेश से 'वार्ता' के संपादक गिरीश सांघी कांग्रेस से राज्यसभा हो आए। पत्रकारिता से जुड़े रहे तेलंगाना के के. केशवराव कांग्रेस और टीआरएस दोनों दलों से राज्यसभा जा चुके हैं। कोलकाता के पत्रकार अहमद सईद मलीहाबादी भी राज्यसभा पहुंचे। जनता दल यूनाइटेड से एजाज अली भी राज्यसभा (2008 से 2010) में रहे। कुछ राजनीति की देहरी से भी लौट आए, जैसे वरिष्ठ पत्रकार उदयन शर्मा (कांग्रेस) और सीमा मुस्तफा जनता दल के टिकट पर लोकसभा नहीं पहुंच सके। राजनीति के मंच पर ऐसे अनेक सितारे चमके और अपनी जगह बनाई। तमाम ऐसे भी थे, जो पार्टी के प्रवक्ता या बौद्धिक कामों से जुड़े रहे। तमाम अज्ञात ही रह गये। राजनीति वैसे भी एक कठिन खेल है, संभावनाओं से भरा भी। किंतु सबको इसका फल मिले यह जरूरी नहीं। बावजूद इसके इसका आकर्षण कम नहीं हो रहा। वरिष्ठ पत्रकार प्रभाष जोशी कहते थे, "पत्रकार की पोलिटिकल लाइन तो ठीक है, पर पार्टी लाइन नहीं होनी चाहिए।"

मछलीशहर सपा प्रत्याशी पर मुकदमा दर्ज

प्रखर जौनपुर। मड़ियाहूं पुलिस ने कोतवाली में देर शाम लोकसभा मछलीशहर से सपा उम्मीदवार प्रिया सरोज के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया है। उन पर बिना अनुमति मड़ियाहूं गांधी तिराहे पर नुक्कड़ सभा करने व ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करने का आरोप है। उड़न दस्ता टीम ने बिना अनुमति नुक्कड़ सभा करने व ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी थी। जिस पर मडियाहूं पुलिस ने

प्रिया सरोज व उनके समर्थकों पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा पंजीकृत किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मड़ियाहूं विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि सपा प्रत्याशी प्रिया सरोज पर बिना अनुमति के जगह-जगह नुक्कड़ सभा करने व ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

भाजपा प्रत्याशी के आगमन पर कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह उच्च उद्घोष के साथ हुआ अभिनंदन

दुल्लहपुर। गाजीपुर। काफी दिनों के लंबे इंतजार के बाद भाजपा की तरकस से संघ का लक्ष्य भेदी बाण बनकर वर्ष 024 के चुनावी जंग को फतह करने निकले भाजपा प्रत्याशी श्री पारसनाथ राय आज अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान जन सम्पर्क करने दुल्लहपुर के देवा गांव पहुंचे। जहां स्व०रामधारी रॉय इंटर कॉलेज के परिसर में आयोजित विचार मंच से अपने विचारों को साझा करते हुए कार्यकताओं में पूरा जोश भरने का कार्य किए। कार्यकताओं ने भी गर्म जोशी के साथ स्वागत अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में जनपद स्तर के कार्यकताओं पदाधिकारियो से लेकर क्षेत्र तक के सम्मानित कार्यकर्ता और पदाधिकारी गण मौजूद रहे। सबसे पहले भाजपा प्रत्याशी श्री पारसनाथ राय ने देवा गांव पहुंचकर स्वामी सहजानंद के चित्र पर मालार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जिसके बाद कार्यकताओं के साथ स्व०रामधारी रॉय इंटर कॉलेज में विस्तार पूर्वक चुनावी जंग फतह करने पर मंत्रणा की गई। वक्ताओं ने त्रिकोणीय चुनावी मुकाबले में भाजपा प्रत्याशी श्री पारसनाथ राय को अव्वल पाते हुए लड़ाई को बहुत रोचक बताया। कहा कि पिछले चुनाव जैसा अब माहौल नहीं है। मतदाता अपनी की गई पिछली भूल की पुनरावृत्ति नहीं करना चाहते। पिछले चुनाव में भूल कर चुके जागरूक मतदाता विनाश नहीं विकास का कीर्तिमान गढ़ना चाहता है। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने पारसनाथ राय जैसे पारस मणि को प्रत्याशी बनाकर माननीय मनोज सिन्हा के अधूरे सपने को साकार करने का मन बनाया है। 024 का चुनाव गाजीपुर में शिक्षक और माफिया के बीच बताते हुए जनता के हाथों में गाजीपुर का भविष्य सौंपते हुए कहा निर्णय आप जनता के ऊपर है कि आप किसको चाहते हैं। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह,मंडल अध्यक्ष मनोज यादव,जिला मंत्री राजेश सोनकर, गुलाब कुशवाहा, लहजु कुशवाहा, अशोक यादव, मनजीत मद्धेशिया, सूर्यनाथ यादव, सरवन सिंह, सरोज मिश्रा, रामराज चौहान, देवेंद्र चौहान,चन्दन राजभर, रामअवध राजभर, हरकेश राजभर, अशोक यादव, रविंद्र गोंड,रामजी वर्मा ग्राम प्रधान दीपक चौरसिया,हरिशंकर चौहान,रामनयन दुबे,सुनील दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

स्वामी वीतरागानंद सरस्वती एवं स्वामी परमानंद सरस्वती जी महाराज के पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन, भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण

प्रखर वाराणसी। रमना क्षेत्र स्थित स्वामी वीतरागानंद कुटिया में श्री श्री 1008 स्वामी वितरागानंद सरस्वती जी महाराज एवं श्री श्री 1008 स्वामी परमानंद सरस्वती जी महाराज के पावन पुण्यतिथि पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके तहत प्रथम दिवस 16 अप्रैल को प्रातः काल आठ बजे से रुद्राभिषेक एवं प्रातः काल नौ बजे से अखंड रामचरितमानस का पाठ किया गया जो पूर्ण रात्रि तक चला तत्पश्चात दूसरे दिन 17 अप्रैल को प्रातः दस बजे रामचरितमानस पाठ की पूणार्हुति एवं हवन का आयोजन किया गया इसके पश्चात दोपहर एक बजे से प्रसाद वितरण (विशाल भंडारे) का आयोजन किया गया जिसमें वाराणसी सहित देश के विभिन्न राज्यों से सैकड़ो की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने बाबा के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित कर प्रसाद ग्रहण किया` संपूर्ण कार्यक्रम में स्वामी रमेशानंद सरस्वती, स्वामी कृष्णानंद सरस्वती, स्वामी धमानंद सरस्वती, स्वामी धत्रजया नंद सरस्वती, स्वामी रविंद्रा नंद एवं स्वामी वीतरागानंद सरस्वती महाराज समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।



तपस्थली कीनाराम दरबार में नौ कन्याओं की हुई पूजा

प्रखर वाराणसी। नवरात्र के आठ दिन के बाद नौवें दिन यानि नवरात्र की नवमी का बड़ा महात्म्य है जनश्रुतियों के मुताबिक नवरात्र में नौ दिन जिन देवियों पूजा- अर्चना की जाती है नवमी के दिन उन्हीं नौ देवियों की विदाई का कार्यक्रम होता है इस दिन नौ शक्ति-स्वरूपा देवियों के साथ काल भैरव की भी पूजा-अर्चना का प्रावधान होता है` नवमी कन्या पूजन' की परम्परा, यूँ, तो उत्तर-भारत के हर आश्रमों , देव स्थानों और यहां तक कि घर-घर में है लेकिन कुछ आध्यात्मिक स्थानों पर इसका बहुत ही महत्व है इन स्थानों पर 'नवमी कन्या पूजन' देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं इन्हीं में से एक स्थान है रविन्द्रपुरी स्थित विश्वविख़्यात अघोरपीठ 'बाबा कीनाराम स्थल, क्रीं-कुण्ड'। दुनिया भर के तमाम साधकों, औघड़, अघोरियों के तीर्थ के रुप में प्रसिद्द 'बाबा कीनाराम स्थल' पर बुधवार को 'नवमी कन्या पूजन' देखने के लिए लोग दूर-दूर से आये थे` पूरी दुनिया में अघोर परंपरा के ईष्ट-आराध्य-मुखिया और 'बाबा कीनाराम स्थल, क्रीं-कुण्ड' के वर्तमान पीठाधीश्वर, अघोराचार्य महाराजश्री बाबा सिद्धार्थ गौतम राम के दिशा निर्देशन में संपन्न हुए 'नवमी कन्या पूजन' के दौरान नौ बालिकाओं को शक्ति-स्वरूपा देवी तथा एक बालक को काल भैरव बाबा के श्रृंगार में विराजमान किया गया था। आचार्य प्रकाश तथा संगीता सिंह की देख-रेख में देवी स्वरूप कन्याओं का पांव पखारा गया` आरती उतारी गयी और तमाम व्यंजनों से सजा प्रसाद उन्हें भोग के रूप में अर्पित किया गया और सभी लोगों ने इन नौ देवी कन्याओं के साथ काल भैरव बालक के चरणों में माथा टेककर आशीर्वाद लिया और देश-दुनिया के लिए मंगलकामना किया। 'बाबा कीनाराम स्थल' में 'नवमी कन्या पूजन' के दौरान 'हर-हर महादेव' का उद्घोष होता रहा इस अवसर पर तमाम साधू-संत, महात्माओं के अलावा हजारों भक्त-श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

जलीय पशु पक्षियों के लिए वन विभाग ने किया जल सर्वेक्षण

खानपुर (गाजीपुर)। गंगा गोमती संगम तट से लेकर औड़िहार स्थित वराहधाम तक गंगा नदी में वन अधिकारी एवं वन्य अधिकारियों ने गहन निरीक्षण कर पटना में डॉल्फिन केंद्र बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। विभागीय अधिकारियों ने गंगा प्रहरियों के साथ वाराणसी के वन संरक्षक अधिकारी डॉ रवि कुमार और प्रभागीय निदेशक कुमारी स्वाति ने गंगा गोमती संगम से औड़िहार तक नौकायन कर कुल दस किलोमीटर की दूरी गंगा नदी में तय किया। इस दौरान जलीय पशु एवं प्रवासी पक्षियों के दिनचर्या को करीब से निहारा। गाजीपुर के प्रभागीय निदेशक विवेक यादव और सैदपुर की क्षेत्रीय वन अधिकारी नम्रता सिंह ने नाविकों और मछुआरों से बात कर गंगा नदी में डॉल्फिन की स्थिति का आंकलन किया। नम्रता सिंह ने बताया कि शांत स्वभाव की डॉल्फिन मछलियां स्वच्छ जल में विचरण करना पसंद करतीं है। डॉल्फिन मछलियों की सुरक्षा एवं संरक्षा के लिए पटना में डॉल्फिन केंद्र विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। वन एवं वन्य अधिकारियों ने गंगा नदी में जलयात्रा के दौरान सभी किनारों की स्थिति एवं घाटों का सघनता से निरीक्षण किया। गंगा प्रहरी रविकांत नागर के अनुसार गंगा नदी में पिछले दो साल से डॉल्फिन मछलियों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई है। डॉल्फिन की अठखेलियां देखने लोग नौका विहार कर बड़ी संख्या में पर्यटन के रूप में आने लगे है। उप प्रभागीय निदेशक वाराणसी राकेश कुमार ने क्षेत्रीय वन निरीक्षक सैदपुर रेंज के कुलदीप सिंह के साथ औड़िहार स्थित पंचायत भवन में एक बैठक किया। सभी अधिकारियों ने नाविकों और गंगा प्रहरियों के साथ डॉल्फिन को सुरक्षित प्रवास करने के लिए पटना में डॉल्फिन केंद्र बनाने पर जोर दिया।

विश्व हीमोफीलिया दिवस पर प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव (हीमेटोलाजिस्ट) के द्वारा दिया गया व्यक्तव्य

प्रखर वाराणसी। हिमोफिलिया एक जन्मजात आनुवंशिक मूलतः लड़कों में पाया जाने वाला, लाइलाज बीमारी है, हीमोफीलिया सेन्टर आशादीप वाराणसी में लगभग 1200 मरीज पंजीकृत हैं और इनका ईलाज काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हीमेटोलाजी विभाग द्वारा किया जाता है` जागरूकता के अभाव के कारण बहुत से रोगियों का निदान एवं उपचार में विलंब हो जाता है और व्यक्ति दिबांग हो जाता है यदि किसी व्यक्त की रक्त का प्रवाह ज्यादा देर तक होता है या चोट लगने पर हीमेटोमा बन जाता है तो इस तरह के मरीज को हीमोफीलिया होने की संभावना प्रबल हो जाती है, हीमोफीलिया प्रमुख रूप से तीन प्रकार की होती है ,हीमोफीलिया ए जो कि बहुत ही कामन है` यह प्रत्येक पांच हजार में से एक व्यक्ति को होता है इसमें एक प्रकार का फैक्टर आठ जो कि एक प्रोटीन होता है उसकी कमी से होता है ,हीमोफीलिया बी ये फैक्टर नाइन की कमी से होता है जो कि प्रत्येक तीस हजार जनसंख्या में से एक व्यक्ति को होता है हीमोफीलिया सी यानि पैराहीमोफीलिया ये फैक्टर 11 की कमी से होता है जो कि एक लाख में से एक व्यक्ति को होता है।

लक्षण – शरीर में काले नीले रंग के चकत्ते ,जोड़े में दर्द,सुजन एवं जकड़न, थोड़े से चोट लगने पर गाँठ ,उभार यानि हीमेटोमा का बन जाना , नाक , जीभ , पेशाब के रास्ते खून का आना , लम्बे समय तक तेज दर्द ,उल्टी एवं अत्याधिक थकान का महसूस होना`

हीमोफीलिया- क्या ना करे– मांसेपेशियों में सूई ना लगवाये नहीं तो हीमेटोमा बन जायेगा, गरम पानी से सिकाई ना करे` निदान एवं उपचार - हीमोफीलिया निदान हेतु ए पी टी टी का लेवल बढ़ा रहता है फैक्टर एट एवं नाइन की कमी का होना`

उपचार – फैक्टर एट एवं नाइन का इन्जेक्शन, कायोपेरसीपीटेट ,cryopre-cipitate, फ्रेश फोजन प्लाज्मा, (fresh frogmen plasma) एवं फीजियोथीरेपी` जीन थीरेपी , स्टेम सेल थीरेपी हीमोफीलिया के उपचार हेतु एक नया आयाम होगा भविस्य में स्टेम सेल थीरेपी एक वरदान साबित होगी।

विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में मनाया गया डॉ. सैमुअल हैनिमैन का जन्मदिन

प्रखर वाराणसी। वाराणसी के पहड़िया स्थित एक होटल के सभागार में डॉ सैमुअल हैनिमैन का जन्मदिन को विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होम्यो परिवार वन हेल्थ, वन फैमिली इस समारोह की थीम रही जो विश्व कल्याण के लिए एक संदेश थी। इस अवसर पर सभी चिकित्सकों ने महात्मा सैमुअल हैनिमैन को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश वाराणसी (वाणिज्य) पी.एन. राय तथा वरिष्ठ चिकित्सक एच. एम. ए. आई. वाराणसी उत्तर प्रदेश के डॉ आर के भाटिया संग सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा महात्मा सैमुअल हैनिमैन की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जानेमाने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ आर के भाटिया ने किया। उक्त मौके पर द वाराणसी क्लीनिक एंड होम्योपैथिक रिसर्च सेंटर की प्रमुख डॉ पूजा गुप्ता को होम्योपैथिक यूथ आइकन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया इस अवसर पर डॉ पूजा गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि विश्व होम्योपैथिक दिवस डॉ. हैनिमैन के योगदान को याद करने और उनके द्वारा स्थापित चिकित्सा पद्धति के बारे में जागरूकता फैलाने का अवसर प्रदान करता है. यह दिवस लोगों को होम्योपैथी के बारे में जानकारी देने और इसके लाभों से अवगत कराने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है. यह दिन होम्योपैथी चिकित्सकों के योगदान को स्वीकार करने और उन्हें सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है। चिकित्सा गौरव से सम्मानित डॉ मधु गोस्वामी ने कोरोना में होम्यो पैथी की उपयोगिता पर अपना शोध प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ मधु गोस्वामी के गणेश वंदना की गई धन्यवाद ज्ञापन डा एस ए मसूरी ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ वी के पांडेय ने किया। इस अवसर पर डॉ विजय नारायण सिंह, डॉ आर.पी. सिंह, डॉ योगेश सिंह, डॉ अतुल शर्मा के साथ चंदौली, भदोही, जौनपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर सहित आसपास ज़िले के डॉक्टर मौजूद रहे।

विश्व हिमोफिलिया दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न

प्रखर वाराणसी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बरेका, डा० देवेश कुमार, केन्द्री य चिकित्सालय बरेका, वाराणसी के कुशल नेतृत्व में चिकित्सालय सभागार कक्ष में विश्वव हिमोफिलिया दिवस के अवसर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुये डा० देवेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष के विश्व हिमोफिलिया दिवस का थीम सभी के लिए समान पहुंचः सभी रक्तस्राव विकारों को पहचानना है। रक्तस्राव (ब्लिडिंग) एक ऐसा विकार है जिसकी वजह से शरीर में खून जमने की प्रक्रिया रूक जाती है। यह एक गंभीर बीमारी है लेकिन बावजूद इसके लोगों में इसे लेकर जागरूकता की कमी है। ऐसी सभी बीमारियों की सही समय पर जांच कर रोगियों को न्यायसंगत उपचार उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इस कार्यक्रम में डा० मिन्हाज अहमद वरिष्ठस मंडल चिकित्सा अधिकारी बरेका के अतिरिक्त डा० सुभाशीष डान, सिनियर रिजनल मेडिकल एडवाइजर एवं श्री अभिषेक कुमार के द्वारा इस विकार के लक्षण, कारण और प्रकार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी एवं साथ ही साथ सभी चिकित्सकों और पैरा-मेडिकल स्टाफ को चिकित्सालय संक्रमण से रोकथाम पर भी व्याख्यान दिया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डा०विजय सिंह, मंडल चिकित्सा अधिकारी डा० अमित गुप्ता,श्रीमती गीता कुमारी चौधरी सहायक नर्सिंग अधिकारी के अतिरिक्त नर्सिंग सिस्टर्स श्रीमती कमला श्रीनिवासन, सीता सिंह, आरती, अहिल्या सिंह, चंद्रकला राव, उषा जैसल, अंजना टौड, ऊषा सिंह, सविता, चंदा यादव, कार्यालय कर्मी सर्वश्री राजेश कुमार, संदीप चौहान, सोनाली शुक्ला,कमलेश कुमार, संजय कुमार, दलश्रृंगार सहित पैरामेडिकल स्टांफ सर्वश्री श्रीमती अरूण कुमार,अरूण कुमार मौर्या,महेश कुमार, भानू प्रताप, संजय श्रीवास्तव,मनोज कुमार गुप्ता, सुमित कुमार, पवन कुमार, प्रशांतो कुमार, विनोद, उजाला, रंजनी, फूला, राकेश चौधरी, प्रतिभा भारती, साधू राम ने कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में लगभग 45 व्याक्तियों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई एवं इस कार्यक्रम का लाभ उठाया।

श्रद्धालुओं से भरी जीप पलटी मां-बेटी व ड्राइवर की मौत

प्रखर बलिया। जिले के ब्रह्मपुर थाना के महादेव का डेरा के पास बुधवार को श्रद्धालुओं से भरी जीप पलटने से उसमें सवार मां-बेटी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को उपचार के लिए बलिया जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां गंभीर हालत देख दोनों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कर लिया गया। सूचना पर पहुंची बिहार की सेमरी थाना पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मरने वाले बलिया के बेदुआ मोहल्ले के रहने वाले हैं। घटना की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मचा है। शहर कोतवाली के बेदुआ मोहल्ला निवासी मोतीलाल वर्मा घर पर नवमी पूजन करने के बाद सपरिवार डुमरांव स्थित मां डुमरेजनी देवी का दर्शन पूजन करने जा रहे थे। बयासी से जीप पकड़कर जनेश्वर मिश्र सेतु होकर मंदिर जा रहे थे। पीछे से बाइक से मोतीलाल का बेटा सोनू वर्मा अपनी पत्नी पूनम वर्मा के साथ आ रहा था। ब्रह्मपुर थाना के महादेव का डेरा गांव के पास तेज रफ्तार जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। चालक मौके से भाग निकला। दुर्घटना में माधुरी देवी (60) पत्नी मोतीलाल वर्मा, रीना वर्मा (30) पुत्री मोती लाल और मुन्ना देवी की नातिन डिंपी वर्मा (15) निवासी कोलकाता की मौत हो गई। मोतीलाल वर्मा और उनकी बड़ी बहन मुन्ना देवी (67) गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास के लोगों ने घायल मोतीलाल वर्मा, मुन्ना देवी और रीना वर्मा को उपचार के लिए बलिया जिला अस्पताल पहुंचाया। उस समय रीना देवी जीवित थीं। रीना की मौत रास्ते में हो गई। चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल मोतीलाल वर्मा व उनकी बहन मुन्ना देवी को ट्रामा सेंटर में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। सेमरी पुलिस ने माधुरी देवी और डिंपी का शव पोस्टमार्टम के लिए बिहार भेज दिया। रीना का पोस्टमार्टम बलिया में होगा। दुर्घटना में एक ही परिवार की तीन मौत की खबर पर जिला अस्पताल में जान पहचान और रिश्तेदारों का तांता लग गया।

संक्षिप्त खबरें

नगरीय विद्युत वितरण मंडल (वेसू)- प्रथम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में फर्जी हस्ताक्षर से जारी करा दिए तीस करोड़ के टेंडर

प्रखर वाराणसी। नगरीय विद्युत वितरण मंडल (वेसू)- प्रथम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में फर्जी हस्ताक्षर से लगभग तीस करोड़ रुपये के टेंडर जारी करा देने का मामला सामने आया है` बताया जा रहा हैं की ये निविदाएं कार्यालय के टेंडर लिपिक के फर्जी हस्ताक्षर से जारी की गई ,दो वर्षों से चल रहे इस खेल का खुलासा टेंडर लिपिक की शिकायत पर हुआ है इस प्रकरण में कार्यालय के ही कार्यकारी अधिकारी पर आरोप लगा हैं। फर्जी हस्ताक्षर से जारी टेंडर की राशियां अलग -अलग हैं टेंडर अलग तिथियों में जारी हुए` संबंधित फाइलों पर टेंडर बाबू (कार्यकारी सहायक) अजय कुमार गुलशन की जगह किसी दूसरे से हस्ताक्षर कराए गए हैं` अधीक्षण अभियंता को दिये शिकायती पत्र में अजय गुलशन ने कार्यकारी अधिकारी राहुल कुमार पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है` प्रकरण की शिकायत ऊर्जा मंत्री और कारपोरेशन के चेयरमैन तक पहुंची गई है एमडी ने प्रकरण की जांच शुरू करा दी है` शिकायत पत्र के अनुसार अजय को निविदा कार्य आवंटित किए गए हैं जबकि अजय का काम कार्यकारी अधिकारी राहुल कुमार संपादित करा रहे हैं इसके लिए अजय के डिजिटल सिग्नेचर का उपयोग किया जा रहा है।

संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेत में लगी, ढाई बीघा फसल जली

पिंडरा। फूलपुर थाना क्षेत्र के रोह में संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेत मे लगी आग से दो किसानों की ढाई बीघा फसल जलकर राख हो गई। बताते है फूलपुर के रोह गांव निवासी अनिल कुमार शर्मा व हिरावन के खेत मे संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार की दोपहर 12 बजे आग से ढाई बीघा खड़ी गेंहू फसल जलकर राख हो गई है। पुलिस को दिए तहरीर में किसान अनिल शर्मा ने आरोप लगाया कि अज्ञात युवक द्वारा मेरे खेत मे आग लगा कर भाग गया।जिससे फसल जलकर राख हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच में जुट गई।

विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

जखनिया। गाजीपुर। मोटी कार्लो कंपनी द्वारा तार खभों की मरम्मत कार्य करने के लिए दुल्लहपुर डिहिया उप विद्युत पावर हाउस केंद्र 33 के बी दुल्लहपुर ,मऊ लाइन के तार खंभो की मरम्मत की जाएगी। जिससे 18 अप्रैल से 30 अप्रैल तक 9:00 बजे सुबह से शाम 5:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी ।यह जानकारी उपखंड अधिकारी मिठाई लाल ने देते हुए बताया कि सायं 5:00 बजे के बाद पूर्ववत आपूर्ति रहेगी।

खोला गया ग्रामीण सेवा केन्द्र

जखनिया। गाजीपुर । क्षेत्र के मंझनपुर कला चट्टी पर यूनियन बैंक शाखा जखनिया के अंतर्गत ग्रामीणों की सुविधा के लिए ग्रामीण सेवा केंद्र खोला गया। उत्कर्ष तिवारी ने बताया कि बैंक द्वारा ग्रामीण जनता को सुविधा मुहैया कराने के लिए छोटे-छोटे जगहो पर ग्राहक सेवा केंद्र खोलकर ग्रामीणों को बैंक संबंधित सुविधाएं दी जाएगी। बताया कि यूनियन बैंक की शाखा जखनिया की दूरी होने से इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही थी।मौके पर प्रशांत यादव, गोविंद, विश्वजीत पांडेय, रणजीत सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

यूपीएससी परीक्षा में 149वां रैंक लाकर कृति ने चंदौली की बढ़ाई कीर्ति

प्रखर चंदौली। जिले की होनहार बेटी कृति त्रिपाठी ने सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास कर जिले का नाम रौशन किया है। सिविल सर्विसेज 2023 के रिजल्ट में मंगलवार को जारी हुए। जिसमें बरहनी विकासखंड के उपेंद्र प्रकाश त्रिपाठी की बेटी कीर्ति त्रिपाठी ने 149वीं रैंक हासिल की है। कीर्ति की इससे पहले फरवरी में पीसीएस की परीक्षा में 17वीं रैंक आई थी। जिसके बाद उनका डिप्टी जेलर के पद पर चयन हुआ था। उनके पिता उपेंद्र प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि बिटिया ने कठिन परिश्रम कर पहले अटेम्प्ट में सेल्फ स्टडी कर यह सफलता हासिल की है। वहीं, चाचा नेत्र रोग विशेषज्ञ डीपी त्रिपाठी, बड़े पिता श्रीशदत्त त्रिपाठी जिला जज (झारखंड) और बरहनी के पूर्व प्रधान व वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि रविन्द्र त्रिपाठी उर्फ बड़े तिवारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है। वहीं, ग्राम प्रधान यशवर्धन सिंह ने कहा कि आज कृति त्रिपाठी की इस उपलब्धि से नरवन वासियों का सीना फक्र से ऊंचा हो गया है। बेटी की कामयाबी से पूरा शिक्षक समाज काफी खुश है।

जौनपुर की सृष्टि ने सिविल सेवा परीक्षा में 95वी रैंक लाकर बढ़ाया जिले का मान

प्रखर जौनपुर। विकास खण्ड सुईथाकला में पिपरौल गांव की निवासनी श्रृष्टि मिश्रा ने नाम किया रोशन । मंगलवार को यूपीएससी 2023 की परीक्षा मे अपने क्षेत्र के पिपरौल गांव निवासी अधिवक्ता कपिलेदेव मिश्र की पौत्री 21 वर्षीय सृष्टि मिश्रा का 95 वीं रैक लाकर आई पी एस की परीक्षा उत्तीर्ण किया है। सृष्टि मिश्र के पिता भारतीय विदेश सेवा मे अपर सचिव साऊथ अफ्रीका में सेवा दे रहे है । सृष्टि मिश्रा के चयन से परिवार और क्षेत्र के लोगो मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

पूर्व सांसद धनंजय के प्राइवेट गनर की गोली मारकर हत्या

प्रखर जौनपुर। जौनपुर जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां पर पूर्व सांसद बाहुबली धनंजय सिंह के प्राइवेट गनर की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। बता दे कि गोली मारने के बाद आनन फानन में उन्हें अस्पताल जाएगा जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना सिकरारा क्षेत्र के रिठी गांव में पूर्व सांसद धनंजय सिंह के प्राइवेट गनर बताए जाने वाले अनीस खांन को लगी मारी गई। इसके बाद गंभीर हालत में जौनपुर जिला चिकित्सालय जाएगा जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर सिकरारा पुलिस भी मौजूद रही।

यूपीएससी परीक्षा में 165वीं रैंक लाकर शाइमा ने गाजीपुर का बढ़ाया मान!

प्रखर गाजीपुर। जिले की बेटी शाइमा खान ने गाजीपुर जनपद का नाम रोशन किया है। बतादे कि दिलदारनगर थाना क्षेत्र के उसियां गांव के मूल निवासी वर्तमान में पश्चिमी बंगाल के कोलकाता स्थित प्रमुख उद्यमी सेराज अहमद खान की बिटिया शाइमा खान ने अखिल भारतीय लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित लोक सेवा परीक्षा-2023 में 165वीं रैंक हासिल करते हुए क्षेत्र का नाम रौशन किया है। शाइमा ने कोलकाता स्थित एडुक्रैट एजुकेशन अकादमी से सिविल सर्विस एग्जाम की तैयारी में सहयोग प्राप्त किया था। यूपीएससी में चयन होने के बाद गांव सहित क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। शाइमा का परिवार कोलकाता में रहता हैं। इनके पिता कोलकाता में बिजनेसमैन है। शाइमा की पढ़ाई व तैयारी कोलकाता में ही हुई। शाइमा खान ने बताया उसकी सफलता के पीछे मेरे माता-पिता दोनों का श्रेय है। यूपीएससी का रिजल्ट मंगलवार की शाम को आने के बाद परियों के साथ-साथ पूरे गांव में खुशी का माहौल हो गया।

अनुराग की 'थ्रिलर' फिल्म में बॉबी देओल

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है। बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने उसके लिए अपनी स्वीकृति भी दे दी।

लाइफ Style

यामी

आर्टिकल 370 के लिए माना आभार

यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 60 दिन पूरे कर लिए हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370 सिनेमाघरों में 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमा घरों में धूम मचाकर रखी है। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।

हॉलीवुड मसाला

एक्शन फ्रैंचाइजी से जुड़े फजल

नई दिल्ली। अली फजल की गिनती बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में होती है। वह न सिर्फ बड़े पर्दे पर, बल्कि ओटीटी पर भी अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ चुके हैं। अली इंडस्ट्री के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अदाकारी के बूते न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी एक खास जगह बनाई है। पिछली बार हॉलीवुड फिल्म 'कंधार' में दिखे अली को अब एक और बड़ा मौका मिलने वाला है। दरअसल, 'कंधार' को फ्रैंचाइजी का रूप दिया जा रहा है।

स्कारलेट की एडिटेड तस्वीर हो रही वायरल

लॉस एंजिलस। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर इन दिनों एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें हॉलीवुड अदाकारा स्कारलेट जोहानसन को एक रिक्शा पर बैठे देखा जा सकता है। पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि यह तस्वीर स्कारलेट जोहानसन के दिल्ली दौरे की है। स्कारलेट ने कहा कि वायरल तस्वीर एडिटेड है उन्होंने कहा कि एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के चेहरे पर एडिटिंग टूल्स की मदद से स्कारलेट जोहानसन का चेहरा चिपकाया गया है। बता दें कि फेसबुक यूजर अनिर्बान रॉय ने 4 अप्रैल को वायरल तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है दिल्ली की सड़क पर स्कारलेट जोहानसन।

मिस्टर एंड मिसेज... देखने एक्साइटेड

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर मिस्टर एंड मिसेज माही का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टर एंड मिसेजमाही 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'देवराः पार्ट-1' देखकर सभी को होगा गर्व

मुंबई। मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म 'देवराः पार्ट 1' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'देवराः भाग 1' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, 'देवारा' दो भागों में प्रदर्शित होगी।

टीवी मसाला

कन्नप्पा से तेलुगु डेब्यू कर रहे अक्षय कुमार

मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार तेलुगु सिनेमा में कदम रख रहे हैं। वे 'कन्नप्पा' नामक तेलुगु फिल्म से अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस नए और रोमांचक वेंचर में, वे बहुमुखी तेलुगु स्टार विष्णु मंचू के साथ काम करेंगे। इतना ही नहीं, फिल्म में प्रभास और मोहनलाल जैसे अन्य बड़े नाम भी शामिल हैं। तेलुगु फिल्म क्षेत्र में कदम रखते हुए, अक्षय का लक्ष्य इस इंडस्ट्री में अपने आकर्षण और प्रतिभा को बिल्कुल नए दर्शकों तक पहुँचाना है। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों के अनुसार, एक्शन से भरपूर इस आगामी महाकाव्य में अक्षय की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उनका प्रदर्शन दर्शकों के लिए मनोरम और यादगार होने का वादा करता है, जो निस्संदेह उन पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। अभिनेता एक गहन शूटिंग शेड्यूल के लिए हैदराबाद जा रहे हैं, जिसमें फिल्म के क्लाइमेक्स के एक महत्वपूर्ण हिस्से के साथ ही महत्वपूर्ण सीन्स को कैप्चर करने पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाएगा।

एड शीरन के गाने 'परफेक्ट' पर थिरकीं टीवी की 'जोधा बेगम'

नई दिल्ली। एक्ट्रेस परिधि शर्मा ने टीवी सीरियल 'जोधा अकबर' में 'जोधा बाई' की मुख्य भूमिका निभाई थी। इस सीरियल से परिधि शर्मा को घर-घर में लोकप्रियता मिली थी। 'जोधा' बन दर्शकों के दिलों पर छाने के बाद एक्ट्रेस परिधि शर्मा काफी समय तक पर्दे से दूर थीं, हालांकि जब उन्होंने वापसी की, तो वह पहली वाली पॉपुलैरिटी हासिल नहीं कर पाईं। इन दिनों ये एक्ट्रेस एक बार फिर सुर्खियों में छाई हुई हैं, लेकिन इस बार वह अपने किसी सीरियल के चलते नहीं बल्कि अपने एक डांस वीडियो की वजह से खबरों में बनी हुई हैं। बता दें, परिधि शर्मा को 'रुक जाना नहीं', 'ये कहां आ गए हम', 'पटियाला बेब्स' जैसे शोज में दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है।

ट्रेनर के साथ किया परफेक्ट डांस

परिधि शर्मा ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक रील वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्हें अपने डांस ट्रेनर के साथ एड शीरन के ट्रैक 'परफेक्ट' पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस को वीडियो में नियॉन ग्रीन टी-शर्ट और काले रंग के शॉर्ट्स में देखा जा सकता है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस कैप्शन में लिखती हैं, 'डांस रिहर्सल. आपके समर्पण और डांस के प्रति प्यार के लिए शुक्रिया।



फैंस बोले- प्लीज टीवी पर आ जाइए

फैंस ने परिधि के वीडियो पर खूब प्यार बरसाया। एक्ट्रेस के फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर लिखते हैं, 'क्या खूबसूरत डांसर है। वहीं परिधि शर्मा के एक और फैन पर्दे पर उनकी वापसी को लेकर सवाल करते दिखे। वह लिखते हैं, 'प्लीज टीवी पर वापस आ जाइए। आपको पर्दे पर देखना बहुत अच्छा लगता है।

मुनव्वर के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज ...

मुंबई। जानेमाने संगीतकार-रैपर बिग बॉस फेम मुनव्वर फारुकी के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज हो गया है। मुनव्वर फारुकी ने 'फर्स्ट कॉपी' नामक एक वेब सीरीज में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की घोषणा की है। मुनव्वर ने सोशल मीडिया पर सीरीज का आधिकारिक टीजर जारी किया। टीजर हमें 1999 में वापस ले जाता है, जब डीवीडी का चलन बहुत बड़ा था। फ़िल्में शुक्रवार को सिनेमाघरों में आती हैं, लेकिन कई लोग आधिकारिक रिलीज से पहले गुरुवार को डीवीडी पर फ़िल्म की 'पहली कॉपी' बनाने के लिए उत्सुक रहते हैं। मुनव्वर फारूकी ने कहा कि पिछले कई सालों से, मेरे फैंस हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं और मैंने जो कुछ भी किया है, उसमें मेरा समर्थन किया है। इसलिए, मैं इस साल इस प्रोजेक्ट की घोषणा करके उन्हें एक ख़ास तोहफ़ा देना चाहता था, जहां वे मेरा एक नया पक्ष देखेंगे। मैं इस पर सभी की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हूं।



अमिताभ बच्चन एक भावनात्मक प्रोमो के साथ मेजबान के रूप में वापस लौटे, फैंस बोले 'दिल भर आया'

कौन बनेगा करोड़पति सबसे ज्यादा चर्चित शो है। कई रियलिटी शो लोकप्रिय रहे हैं लेकिन कौन बनेगा करोड़पति का एक अलग प्रशंसक आधार है। लोग क्विज गेम शो देखना पसंद करते हैं क्योंकि यह बहुत सारा ज्ञान और मनोरंजन देता है। यह शो अपने होस्ट की वजह से भी लोकप्रिय है। मेजबान के रूप में अमिताभ बच्चन शानदार रहे हैं और मेजबान के रूप में किसी और की कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। वह बिल्कुल अद्भुत रहे हैं और हर साल लोग शो के रूप में उनकी वापसी का इंतजार करते हैं। होस्ट की वजह से केबीसी की टीआरपी हमेशा अच्छी रही है। वह गेम शो में पूछे जाने वाले सवालों के बारे में बहुत सारी जानकारी साझा करते हैं। उन्होंने बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के बारे में कई अंदरूनी बातें भी साझा कीं। उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों, ऐश्वर्या राय बच्चन, जया बच्चन, अभिषेक बच्चन, श्वेता बच्चन और अन्य के बारे में भी खुलकर बात की। बिग बी को शो के होस्ट के रूप में आते देखना हमेशा सुखद होता है। कौन बनेगा करोड़पति 15 के आखिरी एपिसोड में बिग बी ने शो को अलविदा कहा तो फैंस भावुक हो गए।

संक्षिप्त खबरें

नलिन नेगी को पदोन्नति

नई दिल्ली। फिनटेक कंपनी भारतपे ने अपने अंतरिम सीईओ एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी नलिन नेगी को पूर्णकालिक मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में पदोन्नत किया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जनवरी 2023 में तत्कालीन सीईओ सुहैल समीर के पद से हटने के बाद नेगी को अंतरिम सीईओ का प्रभार दिया गया था। भारतपे के निदेशक मंडल के चेयरमैन रजनीश कुमार ने कहा, 'हम नलिन नेगी को उनकी नई भूमिका में समर्थन देने के लिए उत्सुक हैं। अंतरिम सीईओ के रूप में उनके जबरदस्त योगदान के लिए आभारी हैं।'

स्टरलाइट ने पूंजी जुटाई

नई दिल्ली। ब्रॉडबैंड प्रौद्योगिकी कंपनी स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज ने एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, निप्पॉन लाइफ इंडिया, गोल्डमैन सैक्स और बंधन म्यूचुअल फंड सहित पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) को इक्विटी जारी करके 1,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आवंटन के बाद, स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी बढ़कर 97.5 करोड़ रुपये हो गई है, जिसमें 48.5 करोड़ इक्विटी शेयर शामिल हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया, 'एसटीएल ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए 1,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं।'

एबी का डिजिटल मंच

मुंबई। आदित्य बिड़ला कैपिटल ने मंगलवार को एक डिजिटल मंच पेश किया। इसके जरिए कंपनी का मकसद अगले तीन वर्षों में तीन करोड़ नए ग्राहक जोड़ने का है। 'आदित्य बिड़ला कैपिटल डिजिटल' पेश किए जाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि इस मंच का उद्देश्य निर्बाध तरीके से नए ग्राहक जोड़ना है। आदित्य बिड़ला कैपिटल वर्तमान में ऋण, बीमा तथा परिसंपत्ति प्रबंधन सहित अपने व्यवसायों में 3.5 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है।

फ्लिपकार्ट की सेल आज से

नई दिल्ली। ऑनलाइन बिक्री मंच फ्लिपकार्ट 17 अप्रैल से 23 अप्रैल तक 'कूलिंग' उपकरणों पर वार्षिक ग्रीष्मकालीन सेल आयोजित करेगा। इसमें एयर कंडीशनर (एसी), रेफ्रिजरेटर, एयर कूलर, पंखे जैसे घरेलू उपकरण किफायती दामों पर बेचे जाएंगे। फ्लिपकार्ट ने मंगलवार को एक बयान में कहा, ई-वाणिज्य मंच 'सुपर कूलिंग डेज़ 2024' का छठा संस्करण ला रहा है। इसमें ग्राहकों को गर्मी से राहत देने के लिए घरेलू उपकरणों को किफायती दामों में बेचा जाएगा। बिक्री को बढ़ावा देने के लिए भुगतान के भी विभिन्न विकल्प पेश किए जाएंगे। बिना किसी शुल्क के मासिक किस्त, अग्रिम भुगतान, कैश ऑन डिलीवरी और 'फ्लिपकार्ट पे लेटर ईएमआई आदि विकल्प उपलब्ध होंगे।

कनोडिया ने जमीन खरीदी

नई दिल्ली। कनोडिया समूह लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए गुरुग्राम में 153 करोड़ रुपये में 1.74 एकड़ जमीन खरीदी है। सीमेंट कारोबार में शामिल कनोडिया समूह ने हाल ही में रियल एस्टेट क्षेत्र में प्रवेश किया है। समूह की इस क्षेत्र में अगले 5-7 साल में 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना है। एक बयान के मुताबिक, गुरुग्राम के सेक्टर-46 में स्थित 1.74 एकड़ जमीन का अधिग्रहण लगभग 153 करोड़ रुपये में किया गया है। कनोडिया समूह के सह-संस्थापक गौतम कनोडिया ने कहा कि यह अधिग्रहण एनसीआर बाजार के लक्जरी आवासीय खंड में हमारे प्रवेश का प्रतीक है।

मेडुलेंस ने रकम जुटाई

नयी दिल्ली, 16 अप्रैल (भाषा) आपात स्वास्थ्य सेवा प्रदाता मेडुलेंस ने 'सीरीज ए फंडिंग राउंड' में 30 लाख अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। 'सीरीज ए फंडिंग' एक स्टार्टअप द्वारा पूंजी जुटाने की प्रक्रिया के चरणों में से एक है। इस वित्त पोषण चक्र का नेतृत्व अल्केमी ग्रोथ कैपिटल ने किया। इसमें डेक्सटर कैपिटल, अमन गुप्ता और नमिता थापर जैसे प्रमुख निवेशकों की भी भागीदारी देखी गई। मेडुलेंस ने एक बयान में कहा, इस राशि का इस्तेमाल आपात प्रबंधन प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश भर में कंपनी की उपस्थिति बढाने के लिए किया जाएगा। कंपनी के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रणव बजाज ने कहा, " यह वित्त पोषण मेडुलेंस के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।(एजेंसियां)

शीर्ष बड़ी कंपनियों की सूची में टीसीएस, एक्सेंचर अग्रणी

■ लिंक्डइन की शीर्ष कंपनियों की सूची में काग्निजेंट तीसरे नंबर पर ■ इस सूची में दिखाई दिया वित्तीय सेवा क्षेत्र की कंपनियों का दबदबा

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत में काम करने वाली शीर्ष कंपनियों की लिंक्डइन की नवीनतम सूची में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज पहले स्थान पर है। इसके बाद एक्सेंचर और कॉग्निजेंट क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

पेशेवर नेटवर्किंग मंच लिंक्डइन ने मंगलवार को भारत के लिए 2024 शीर्ष कंपनियों की सूची जारी की। इसमें आईटी कंपनियों ने शीर्ष तीन स्थान हासिल किए हैं। सूची में वित्तीय सेवा क्षेत्र का दबदबा रहा, जिसकी नौ कंपनियों ने इसमें जगह बनाई। आठवीं बार यह सूची पेश की गई है। इसे लिंक्डइन के डेटा के आधार पर तैयार किया गया। शीर्ष 25 बड़ी कंपनियों, 15 सर्वश्रेष्ठ मध्यम आकार की कंपनियों को सूचीबद्ध किया गया है।

बड़ी कंपनियों (भारत में 500 से अधिक कर्मचारी वाली) में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने इस साल अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा, उसके बाद एक्सेंचर तथा कॉग्निजेंट का स्थान रहा।



■ सूची में वित्तीय सेवा क्षेत्र की नौ कंपनियों ने बनाई है अपनी जगह

■ शीर्ष तीन स्थान आईटी क्षेत्र की कंपनियों को मिले

■ मैक्वेरी ग्रुप चौथे, मोर्गन स्टेनली पांचवें और जेपी मोर्गन छठे स्थान पर रहीं

लिंक्डइन ने कहा कि पिछले साल के रुझान को जारी रखते हुए मैक्वेरी ग्रुप (चौथे स्थान), मोर्गन स्टेनली (पांचवें) और जेपी मॉर्गन चेज़ एंड कंपनी (छठे) सहित इस क्षेत्र की 25 में से 9 कंपनियों के साथ वित्तीय सेवाओं ने 2024 की सूची में अपना दबदबा कायम रखा।

साफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस (सास) मंच लेंट्रा मध्यम आकार (250-500 कर्मचारी वाली) की शीर्ष कंपनियों की सूची में पहले स्थान पर है।

दूसरे स्थान पर भारतीय ऑनलाइन यात्रा मंच मेकमायट्रिप ने जगह बनाई। कंपनियों के लिए सबसे उपयुक्त स्थान में बेंगलुरु शीर्ष पर रहा, जहां ये शीर्ष कंपनियां स्थित हैं। इसके बाद हैदराबाद, मुंबई महानगर क्षेत्र और पुणे का स्थान रहा।

बड़े आर्डर की आपूर्ति को जोमैटो का अलग दस्ता

नई दिल्ली (भाषा)।

खाद्य उत्पादों के ऑनलाइन आपूर्ति मंच जोमैटो ने 50 लोगों तक की भागीदारी वाले कार्यक्रमों के लिए सामान पहुंचाने के इरादे से मंगलवार को देश में पहली बार बड़े आर्डर का एक अलग दस्ता शुरू करने की घोषणा की। जोमैटो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने कई पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि बड़े आर्डर की आपूर्ति के लिए बना यह खास दस्ता पूरी तरह इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करेगा। गोयल ने कहा, 'आज हम भारत का पहला बड़ा आर्डर दस्ता पेश करने के लिए रोमांचित महसूस कर रहे हैं।

'एक्स' के नए यूजर्स के लिए लाइक, पोस्ट पर अब शुल्क

■ फर्जी अकाउंट पर लगाम लगाने को कंपनी ने उठाया यह कदम

नई दिल्ली (भाषा)।

फर्जी खातों की बढ़ती संख्या पर काबू पाने के लिए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' अब नए उपयोगकर्ताओं से कुछ भी साझा करने, किसी पोस्ट को 'लाइक' करने, बुकमार्क और किसी पोस्ट पर जवाब देने का विकल्प इस्तेमाल करने के लिए शुल्क लेगा।

कंपनी के अनुसार, उपयोगकर्ता अब भी मंच का निःशुल्क इस्तेमाल और उस पर किसी अन्य खाते को 'फॉलो' कर सकते हैं। मंच की वेबसाइट पर सोमवार को 'अपग्रेड' के बाद जानकारी दी गई कि नए खातों को पोस्ट करने, लाइक करने, बुकमार्क करने और उत्तर देने से पहले मामूली सा वार्षिक शुल्क देना होगा।

कंपनी ने कहा, 'इसका मकसद (स्पैम) कम करना और सभी को बेहतर अनुभव देना है।' हालांकि, नए मानदंड चुनिंदा स्थानों पर लागू किए जाएंगे या दुनियाभर में अभी यह स्पष्ट नहीं है।

'एक्स' के मालिक एवं उद्योगपति एलन मस्क ने मंच पर लिखा, 'दुर्भाग्य से नए उपयोगकर्ता को कुछ भी लिखने के लिए मामूली सा शुल्क देना होगा, यह फर्जी खातों को रोकने का एकमात्र तरीका है।'

मंच के इस कदम को इंटरनेट उपयोगकर्ताओं से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। कुछ ने इंटरनेट तथा एआई के दुरुपयोग को कम करने के इस कदम को स्वीकार किया है, जबकि अन्य ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन करार दिया।

नोएडा एयरपोर्ट के लिए एटीएफ लाइन बिछाएगी भारत पेट्रोलियम

नई दिल्ली (एजेंसियां)।

भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लि. (बीपीसीएल) अपने पियाला टर्मिनल से जेवर हवाई अड्डे के टैंक फार्म तक 35 किलोमीटर लंबी विमान ईंधन (एटीएफ) पाइपलाइन बिछाएगी।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने मंगलवार को बयान में कहा कि हवाई अड्डा और भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लि. ने कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और हवाई अड्डे की एटीएफ मांग को कुशलतापूर्वक पूरा करने के लिए 20 फरवरी को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। बीपीसीएल का पियाला टर्मिनल हरियाणा के फरीदाबाद में स्थित है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने कहा कि एटीएफ पाइपलाइन 34 किलोमीटर तक फैली होगी और हवाईअड्डा परिसर के भीतर 1.2 किमी लंबी होगी।

इसमें कहा गया है, 'यह पाइपलाइन साझा/अनुबंध आधार पर संचालित होगी। इससे हवाई अड्डे तक निर्बाध ईंधन परिवहन सुनिश्चित होगा।' इसमें कहा गया है, 'नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर्यावरण प्रबंधन को लेकर प्रतिबद्ध है और यह कदम उसी का हिस्सा है। यह पाइपलाइन ईंधन प्राप्ति को आसान बनाएगी।

2028 तक बेरोजगारी दर घटने की आस

नई दिल्ली (भाषा)।

देश में बेरोजगारी दर में वर्ष 2028 तक 0.97 प्रतिशत अंक की कमी आ सकती है। एक रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया है कि देश की अर्थव्यवस्था के पांच लाख करोड़ डालर तक पहुंचने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे बेरोजगारी दर घटेगी।

शोध संस्थान 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ)' की 'भारत रोजगार परिदृश्य 2030' रिपोर्ट के मुताबिक, श्रमबल में बिना रोजगार वाले लोगों का प्रतिशत यानी बेरोजगारी दर वर्ष 2024 के 4.47 प्रतिशत से घटकर 2028 में 3.68 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है।

रिपोर्ट कहती है, 'भारत का रोजगार बाजार व्यापक बदलाव का अनुभव कर रहा है। कोविड-19 महामारी के बाद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है।'

रिपोर्ट के मुताबिक भारत 7.8 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के साथ 2026-27 तक पांच लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य हासिल कर सकता है। मजबूत निजी खपत और सार्वजनिक निवेश से इस वृद्धि को समर्थन मिलेगा।' भारत की जीडीपी का आकार वर्ष 2024 में चार लाख करोड़ डालर से थोड़ा कम होने का अनुमान है। ओआरएफ ने एक बयान में कहा, 'भारत के पांच लाख करोड़ डालर के लक्ष्य के करीब पहुंचने के साथ कुल रोजगार 22 प्रतिशत बढ़ सकता है, जबकि बेरोजगारी दर 2028 तक 0.97 प्रतिशत कम हो सकती है।'

नागरिक इस्तेमाल वाले ड्रोन के लिए अलग नियम बनाने पर विचार

नई दिल्ली (भाषा)।

नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम ने मंगलवार को कहा कि सरकार नागरिक तथा औद्योगिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन के वास्ते एक अलग नियामक ढांचा बनाने पर विचार करेगी। उन्होंने ड्रोन परिवेश तंत्र के स्वदेशी विकास की वकालत की और इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार ड्रोन को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्नत वायु परिवहन को आगे बढ़ाने के प्रयास करेगी।

राष्ट्रीय राजधानी में ड्रोन पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने कहा कि ड्रोन के नियमों के संदर्भ में 'बहुत कुछ किया गया है और अभी बहुत कुछ किया जाएगा।' उन्होंने कहा कि मंत्रालय नागरिक तथा औद्योगिक ड्रोन के लिए एक अलग नियामक ढांचा बनाने पर विचार कर रहा है। ड्रोन और ड्रोन घटकों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना सितम्बर 2021 में अधिसूचित की गई थी। ड्रोन और ड्रोन घटकों के भारतीय विनिर्माताओं के लिए मूल्य संवर्धन तथा कुछ अन्य शर्तों के आधार पर 120 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन प्रदान दिया जा रहा है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित सम्मेलन में वुमलुनमंग वुअलनाम ने कहा कि योजना सफल रही है।

उन्होंने ड्रोन परिवेश तंत्र के स्वदेशी विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रोत्साहनों पर निर्भरता नहीं होनी चाहिए और ड्रोन उद्योग को अपने दम पर टिकना चाहिए।

■ 'नमो ड्रोन दीदी' योजना का विवरण जल्द जारी करेगी सरकार

■ योजना के तहत गांव की महिलाओं को मिलेंगे कृषि के लिए ड्रोन

'नमो ड्रोन दीदी' योजना के बारे में उन्होंने कहा कि ड्रोन के लिए विशेष विवरण जल्द ही जारी कर दिये जाएंगे।

इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कृषि ड्रोन प्रदान करना है। इसके तहत महिला नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को 15,000 ड्रोन दिए जाएंगे।

अपोलो टायर्स को 2.06 करोड़ रुपये की कर मांग मिली

नई दिल्ली (भाषा)।

अपोलो टायर्स लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसे जीएसटी प्राधिकरण से 2.06 करोड़ रुपये की कर मांग और जुर्माने का आदेश मिला है। कंपनी ने बताया कि तमिलनाडु में जीएसटी प्राधिकरण ने इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने और अन्य मुद्दों के चलते यह आदेश जारी किया।

अपोलो टायर्स ने बताया कि तमिलनाडु के उपायुक्त (सीटी) ने जीएसटी अधिनियम के तहत एक आदेश पारित किया है, जिसमें जीएसटी मांग और जुर्माने सहित 2.06 करोड़ रुपये की मांग की गई है। कंपनी ने बताया कि यह मामला आईटीसी का लाभ उठाने और अन्य मुद्दों से जुड़ा है।

सड़क निर्माण का काम तेज होगा

■ वर्ष 2024-25 में 13000 किलोमीटर सड़क बनने की जताई गई उम्मीद

नई दिल्ली (भाषा)।

देश में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सड़क निर्माण पांच से आठ प्रतिशत बढ़कर 12,500-13,000 किलोमीटर होने की संभावना है। वित्त वर्ष 2023-24 में 20 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई थी। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को कहा कि निर्माण की गति को आने वाले चालू वित्त वर्ष में सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के आने वाली परियोजनाओं, सरकार द्वारा पूंजी परिव्यय में वृद्धि और परियोजनाओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने से मदद मिलेगी।

इक्रा ने इस बात पर जोर दिया कि कुछ भौगोलिक क्षेत्रों में लंबे समय तक मानसून के कारण वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में सड़क निर्माण प्रभावित हुआ।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण (ईपीसी) इस प्रक्रिया का मुख्य आधार बना हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 में इसका योगदान 70-75 प्रतिशत रहा।

इसके बाद बिल्ड, ऑपरेट, ट्रांसफर (बीओटी) - हाइब्रिड वार्षिकी मोड (एचएएम) की हिस्सेदारी 25-30 प्रतिशत रही।

आइविया के कारोबार का अधिग्रहण करेगी सिप्ला

नई दिल्ली (भाषा)।

प्रमुख दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड 130 करोड़ रुपये में आइविया ब्यूटी प्राइवेट लिमिटेड के दुनिया भर में सौंदर्य प्रसाधन व व्यक्तिगत देखभाल वितरण तथा विपणन व्यवसाय का अधिग्रहण करेगी। इसमें उसके ब्रांड एस्टाबेरी, आइकिन और भीमसैनी भी शामिल हैं।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी तथा उपभोक्ता स्वास्थ्य सेवा शाखा सिप्ला हेल्थ लिमिटेड (सीएचएल) ने आइविया ब्यूटी प्राइवेट लिमिटेड के सौंदर्य प्रसाधन व व्यक्तिगत देखभाल व्यवसाय के वितरण और विपणन व्यवसाय उपक्रम की खरीद के लिए एक 'बिजनेस ट्रांसफर एग्रीमेंट' (बीटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह रणनीतिक कदम सिप्ला के अपने उपभोक्ता स्वास्थ्य देखभाल और कल्याण खंड को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के अनुरूप है। कंपनी ने कहा कि इस अधिग्रहण में आइविया ब्यूटी के एस्टाबेरी, आइकिन और भीमसैनी ब्रांड शामिल होंगे।

अधिग्रहण की लागत पर सिप्ला ने कहा, 'अंतिम तिथि पर यह 130 करोड़ रुपये और बीटीए में अगले तीन वर्षों के लिए उल्लिखित कुछ वित्तीय मापदंड पूरे होने पर 110 करोड़ रुपये होगी।' कंपनी के अनुसार, 'लेन-देन के बीटीए पर हस्ताक्षर करने के 60 दिन के भीतर या पक्षों के बीच लिखित रूप में पारस्परिक सहमति से किसी अन्य तारीख के भीतर पूरा होने की उम्मीद है।

यह बीटीए में उल्लिखित पूर्ववर्ती और समापन शर्तों के सफल समापन/छूट के अधीन होगा।'

कोल इंडिया का पूंजीगत व्यय 6.5 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली (भाषा)।

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लि. (सीआईएल) का पूंजीगत व्यय बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 6.5 प्रतिशत बढ़कर 19,840 करोड़ रुपये रहा। कोल इंडिया ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का पूंजीगत व्यय 18,619 करोड़ रुपये था।

देश में कुल कोयला उत्पादन में कंपनी की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत से अधिक है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने कहा कि यह लगातार चौथा साल है जब पूंजीगत व्यय बजटीय लक्ष्य से ऊपर रहा है।

पेट्रोल की बिक्री में हुआ इजाफा, डीजल की मांग घटी

नई दिल्ली (भाषा)।

देश में पेट्रोल की खपत अप्रैल के पहले पखवाड़े में सात प्रतिशत बढ़ गई जबकि डीजल की बिक्री में 9.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है।

भीषण गर्मी के मौसम की शुरुआत से पहले पेट्रोल और डीजल बिक्री के संबंध में परस्पर विरोधी आंकड़े सामने आए हैं। तीनों सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों का ईंधन बाजार के 90 प्रतिशत हिस्से पर नियंत्रण है। आंकड़ों से पता चलता है कि एक से 15 अप्रैल के दौरान पेट्रोल की बिक्री बढ़कर 12.2 लाख टन हो गई, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 11.4 लाख टन थी। वहीं इस अवधि में डीजल की मांग 9.5 प्रतिशत घटकर 31.4 लाख टन रह गई।

पेट्रोल की कीमतों में आंशिक कटौती की वजह से निजी वाहनों का इस्तेमाल बढ़ने के कारण बिक्री बढ़ गई। लेकिन फसल कटाई के मौसम के साथ गर्मी बढ़ने पर कारों में एयर कंडीशनिंग की मांग बढ़ने पर आगे चलकर डीजल की मांग बढ़ने का अनुमान है।

पिछले महीने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो-दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई थी। इससे पहले दो साल तक ईंधन कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ था। डीजल भारत में सबसे अधिक खपत वाला ईंधन है, जो सभी पेट्रोलियम उत्पादों की खपत का लगभग 40 प्रतिशत है।

देश में कुल डीजल बिक्री में परिवहन क्षेत्र की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत है। यह हार्वेस्टर और ट्रैक्टर सहित कृषि क्षेत्रों में उपयोग किया जाने वाला प्रमुख ईंधन है। पेट्रोल की खपत में लगातार साल-दर-साल वृद्धि देखी जा रही है जबकि डीजल की खपत में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। आलोच्य अवधि में विमानों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन (एटीएफ) की बिक्री सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत बढ़कर 3,35,700 टन हो गई। पेट्रोल और डीजल की तरह, एटीएफ की मांग भी अब पूर्व-कोविड स्तर से अधिक हो चुकी है।

अप्रैल के पहले पखवाड़े में रसोई गैस एलपीजी की बिक्री सालाना आधार पर 8.8 प्रतिशत बढकर 12 लाख टन हो गई। हालांकि, मासिक आधार पर एलपीजी की मांग 11.6 प्रतिशत घटी है।

चीन की अर्थव्यवस्था का उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन

हांगकांग (एपी)। चीन की अर्थव्यवस्था ने पहली तिमाही में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ी। यह विश्लेषकों के करीब 4.8 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। पिछली तिमाही की तुलना में वृद्धि दर 1.6 प्रतिशत बढ़ी।

चीन की अर्थव्यवस्था कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रभावों से उबरने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। मांग में मंदी और संपत्ति संकट के कारण इसकी वृद्धि प्रभावित हुई है। औद्योगिक उत्पादन पहली तिमाही में सालाना आधार पर 6.1 प्रतिशत अधिक रहा और खुदरा बिक्री 4.7 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढी।

सुनील नारायण का शतक बेकार, अंतिम गेंद पर केकेआर अपने ही घर में दो विकेट से हारा

बटलर ने पलटा पासा, हारते-हारते जीता राजस्थान

कोलकाता (एजेंसी)। सुनील नरेन के शतक पर जोस बटलर की सेंचुरी भारी पड़ गई क्योंकि एक हाईस्कोरिंग मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइटराइडर्स को आखिरी गेंद में हरा दिया। अपने होमग्राउंड ईडन गार्डंस में टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता नाइटराइडर्स ने छह विकेट खोकर 223 रन बनाए थे, जिसे राजस्थान ने रोमांचक तरीके से हासिल करते हुए अपनी सबसे सफल रन चेज पूरी की। राजस्थान के लिए जीत के हीरो जोस बटलर रहे जिन्होंने 60 गेंद में नाबाद 107 रन बनाए, ऐसे में केकेआर के लिए सुनील नरेन के 56 गेंद में 109 रन बेकार चले गए।

यह टूर्नामेंट की दो टेबल टॉपर्स की टक्कर थी। सात मैच में छह जीत के साथ राजस्थान पॉइंट्स टेबल में सबसे ऊपर है तो केकेआर दूसरे नंबर पर बरकरार है। अनुभवी ऑलराउंडर सुनील नरेन ने 56 गेंद में छह छक्कों और 13 चौकों से 109 रन की पारी खेली, उन्होंने 49 गेंद में सेंचुरी ठोकी। इसी के साथ नरेन एक मैच में शतक, विकेट और कैच लेने वाले आईपीएल के पहले खिलाड़ी बन गए। नरेन ने अंगकृष रघुवंशी 30 रन के साथ दूसरे विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी करके बड़े स्कोर का मंच तैयार किया। इन दोनों के बाद 21 एकस्ट्रा रन टीम की ओर तीसरा सर्वोच्च स्कोर रहा। रिंकू सिंह नौ गेंद में नाबाद 20, दो छक्के, एक चौका ने अंत में तेजतर्रार पारी खेली। रॉयल्स की ओर से आवेश खान 35 रन पर दो विकेट और कुलदीप सेन 46 रन पर दो विकेट ने दो-दो विकेट चटकाए। टीम के दोनों स्पिनर रविचंद्रन अश्विन चार ओवर में बिना विकेट के 49 रन और युजवेंद्र चहल चार ओवर में 54 रन पर एक विकेट काफी महंगे साबित हुआ।

जीत के बाद खुशी से बटलर के पांव जमीन पर नहीं रहे

स्कोर बोर्ड

कोलकाता नाइट राइडर्स	रन	गेंद	4/6
फिल सॉल्ट कै. एंड बो. आवेश	10	13	1/0
सुनील नारायण बोल्ड बोल्ट	109	56	13/6
अंगकृष कै. अश्विन बो. के सेन	30	18	5/0
श्रेयस अय्यर पगबाधा चहल	11	07	1/1
आंद्रे रसल कै. जुरेल बो. आवेश	13	10	2/0
रिंकू सिंह नाबाद	20	09	1/2
वेंकटेश अय्यर कै. जुरेल बो. के सेन	08	06	1/0
रमनदीप सिंह नाबाद	01	01	0/0

अतिरिक्त: 21, **कुल:** 20 ओवर में छह विकेट पर 223 रन, **विकेट पतन:** 1-21, 2-106, 3-133, 4-184, 5-195, 6-215, **गेंदबाजी:** ट्रेंट बोल्ट 4-0-31-1, आवेश खान 4-0-35-2, कुलदीप सेन 4-0-46-2, युजवेंद्र चहल 4-0-54-1, रवि अश्विन 4-0-49-0,

राजस्थान रॉयल्स	रन	गेंद	4/6
यशस्वी कै. वेंकटेश बो. वैभव	19	9	3/1
जोस बटलर नाबाद	107	60	9/6
सैमसन कै. नारायण बो. हर्षित राणा	12	8	2/0
पराग कै. रसेल बो. हर्षित राणा	34	14	4/2
ध्रुव जुरेल पगबाधा बो. सुनील नरेन	02	04	0/0
अश्विन कै. अंगकृष बो. वरुण चक्रवर्ती	8	11	1/0
हेटमायर कै. श्रेयस बो. वरुण चक्रवर्ती	00	01	0/0
पॉवेल पगबाधा बो. सुनील नरेन	26	13	1/3
ट्रेंट बोल्ट रन आउट श्रेयस अय्यर	0	1	0/0
आवेश खान नाबाद	0	0	0/0

अतिरिक्त: 16, **कुल:** 20 ओवर में आठ विकेट पर 224 रन, **विकेट पतन:** 1-22, 2-47, 3-97, 4-100, 5-121, 6-121, 7-178, 8-186, **गेंदबाजी:** मिचेल स्टार्क 4-0-50-0, वैभव अरोड़ा 3-0-45-1, हर्षित राणा 4-0-45-2, सुनील नरेन 4-0-30-2, वरुण चक्रवर्ती 4-0-36-2, आंद्रे रसेल 1-0-17-0,

नारायण को बोल्ड कर बोल्ट ने किया 10 लाख का नुकसान

राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने अपनी घातक गेंदबाजी से कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफसनसनी मचा दी। सुनील नरेन के खिलाफ18वें ओवर की तीसरी गेंद पर एक ऐसा तेज यॉर्कर मारा जिसे विकेट टूट गया। एलईडी फ्लैश करने वाले इस विकेट के टूटने से कुछ देर के लिए खेल को रोकना पड़ गया। डगआउट से नया स्टंप लाया गया इसके बाद फिर से खेल को शुरू किया जा सकता है। बता दें कि आईपीएल में जिस एलईडी स्टंप का इस्तेमाल किया जाता है वह काफी महंगा है। यह धारण स्टंप से बिल्कुल अगल होता है। हाईटेक टेक्नॉलॉजी लैस एक स्टंप की कीमत करीब 10 लाख रुपए होती है। इस तरह एक छोर पर तीन स्टंप की कीमत 30 लाख पड़ती है।

जोस बटलर ने तोड़ दिया क्रिस गेल का रिकॉर्ड

बटलर ने अपना यह शतक सिर्फ 55 गेंद में पूरा किया। आईपीएल में बटलर का यह सातवां शतक भी है। इस लीग में सबसे अधिक 8 शतक लगाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम है। वहीं जोस बटलर के नाम अब कुल 7 आईपीएल शतक हो चुके हैं। इस तरह राजस्थान का यह खिलाड़ी दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस मामले में बटलर ने क्रिस गेल को पीछे छोड़ा है।

आखिरी छह ओवर में पलटा मैच, बने 96 रन

15वां ओवर	17 रन
16वां ओवर	17 रन
17वां ओवर	16 रन
18वां ओवर	18 रन
19वां ओवर	19 रन
20वां ओवर	09 रन

आईपीएल 2024 अंक तालिका

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	रनरेट
राजस्थान	7	6	1	12	0.677
कोलकाता	6	4	2	8	1.399
चेन्नई	6	4	2	8	0.726
हैदराबाद	6	4	2	8	0.502
लखनऊ	6	3	6	6	0.038
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
पंजाब	6	2	4	4	-0.218
मुंबई	6	2	4	4	-0.234
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	7	1	6	2	-1.185

छक्के जड़ने में हैनरिक चौकों में विराट अव्वल

क्लासन ने छह मैचों में अब तक जड़े 24 छक्के

बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल में छक्के लगाने में सनराइजर्स हैदराबाद के हैनरिक क्लासन ने सर्वाधिक 24 छक्के लगाये है वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली 35 चौके के साथ शीर्ष पर है। आईपीएल के 30 मैचों के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के छह मैचों में क्लासन ने सबसे अधिक 24 छक्के लगाये है। रॉयल चैलेंजर्स के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली 35 चौके लगाकर सबसे आगे चल रहे है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 19 छक्कों के साथ दूसरे स्थान पर तथा हैदराबाद के अभिषेक शर्मा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिनेश कार्तिक और राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग 18-18 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर है। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के शिवम दूबे, मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा और दिल्ली कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स 15-15 छक्कों के साथ चौथे स्थान पर है। कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नारायण और राजस्थान रॉयल्स के विराट कोहली 14-14 छक्कों के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर है। चौकों के मामले में विराट कोहली 35 चौकों के सबसे आगे है। उनके बाद रोहित शर्मा और ट्रैविस माइकल हेड 28-28 चौके दूसरे नंबर पर है। ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन 25- 25 चौकों के साथ तीसरे, फाफ डु प्लेसिस 24 चौकों के साथ चौथे तथा फिल साल्ट और बी साई सुदर्शन 23-23 चौकों के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर है। ग्लेन मैक्सवैल, यशस्वी जयसवाल, अक्षर पटेल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, सौरभ चौहान, मयंक अग्रवाल, उमेश यादव, राहुल त्रिपाठी, सुमित कुमार, अजमतउल्लाह उमरजई, जयदेव उनादकट, शाहरुख खान और दर्शन नालकंडे एक-एक छक्का लगाते हुए निचले पायदान पर है।

टॉप-5 छक्का जड़ने वाले खिलाड़ी

खिलाड़ी	कुल छक्के
हेनरिक क्लासेन	24
निकोलस पूरन	19
अभिषेक शर्मा	18
दिनेश कार्तिक	18
रियान पराग	18

टॉप-5 चौका लगाने वाले खिलाड़ी

खिलाड़ी	कुल चौके
विराट कोहली	35
रोहित शर्मा	28
ट्रेविस हेड	28
ऋतुराज गायकवाड़	25
संजू सैमसन	25

बास्केटबॉल, कबड्डी में एलएनसीटी बना चैम्पियन

भोपाल। एलएनसीटी रायसेन रोड भोपाल में खेले जा रहे 7वीं इंजीनियर्स ओलंपिक में बुधवार को बॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, गली क्रिकेट, कबड्डी के फाइनल रोमांचक मुकाबले खेले गए जिसमे पुरुष वर्ग के कबड्डी फाइनल मुकाबले में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ने एलएनसीटी रायसेन कैंपस को 28-23 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। कबड्डी के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ने मुदिर क्लब को 21-19 से एवं दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में एलएनसीटी रायसेन कैंपस ने अनुज पेन्थर्स को 29-28 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। कबड्डी महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में सरोजिनी नायडू ने स्कोप को 33-19 से हराकर खिताब हासिल किया। इससे पूर्व पहले सेमीफाइनल मुकाबले सरोजिनी नायडू ने जेएनसीटी को 30-22 से, दूसरे सेमीफाइनल मैच मे स्कोप ने एलएनसीटी को 22-13 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। बॉलीबॉल महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में एलएनसीटी ने टीआईटी को 2-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। बॉलीबॉल पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में टीआईटी ने एलएनसीटी को 2-1 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। बास्केटबॉल पुरुष वर्ग फाइनल मुकाबले में एलएनसीटी ने

मैनिट को 35-27 से हराकर खिताब हासिल किया। बास्केटबॉल महिला वर्ग फाइनल मुकाबले में एलएनसीटी ने बीएसएस को 28-14 से हराकर खिताब हासिल किया। बैडमिंटन पुरुष सिंगल्स फाइनल मुकाबले में आनादी रुसिया एलएनसीटी ने निशांत आगृल भेल को 2-1 से हराकर खिताब हासिल किया। बैडमिंटन पुरुष डबल्स फाइनल मुकाबले में आनादी रुसिया विनायक शर्मा एलएनसीटी ने सरोज जसदीप एलएनसीटी यूनिवर्सिटी की जोड़ी को 2-1 से हराकर खिताब हासिल किया। गली क्रिकेट पुरुष वर्ग में एलएनसीटी ने गो एट को हराकर खिताब हासिल किया।

आज आमने-सामने होंगे दो युवा कप्तान, भिड़ंत शाम 7.30 बजे से

अहमदाबाद । इंडियन प्रीमियर लीग में जब बुधवार को मुकाबला होगा तो दो युवा कप्तान आमने सामने होंगे। शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस और ऋषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स के बीच टक्कर होने जा रही है।

ये मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा, यानी जीटी का होम ग्राउंड। मुकाबला शाम को साढ़े सात बजे मैच शुरू होगा। गुजरात की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में तीसरी बार हिस्सा ले रही है, इसलिए इन दोनों टीमों के बीच ज्यादा मुकाबले अब तक नहीं खेले गए हैं। गुजरात और दिल्ली के बीच अब तक खेले गए तीन मैचों में से दो मुकाबले गुजरात के नाम रहे हैं, वहीं एक में दिल्ली ने बाजी मारी है। अब चौथी बार इन दोनों टीमों का आमना-सामना होगा।

यूनान में पेरिस खेलों के लिए प्रज्वलित की गई ओलंपिक मशाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाख और अन्य आईओसी उच्च अधिकारियों ने मंगलवार को ग्रीस के प्राचीन ओलंपिया में पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए मशाल प्रज्ज्वलन समारोह के दौरान विश्व शांति का आह्वान किया। यूनान में आज पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए पारंपरिक समारोह में दौरान प्राचीन ओलंपिया में खेलों के जन्मस्थान पर मशाल प्रज्वलित होने के साथ मशाल की अपनी यात्रा शुरू हो गई। पुजारीन की पोशाक में अभिनेत्री मैरी मीना ने स्थानीय समयानुसार दोपहर 1216 बजे प्राचीन ग्रीक पौराणिक कथाओं में देवी हेरा के 2,500 साल पुराने मंदिर में मशाल प्रज्वलित की। इस दौरान उन्होंने दुनिया में शांति लाने और फ्रांसीसी शहर को सफल खेलों की मेजबानी करने में मदद करने के

लिए भगवान से प्रार्थना की। सोमवार को इस समारोह का रिहर्सल किया गया। विशेष बात यह है कि इस मशाल को सूर्य की किरणों से प्रज्वलित किया जाना था। मौसम खराब होने के कारण रिहर्सल के दौरान प्रज्वलित लौ का सहारा लेना पड़ा। इसके साथ ही पूरे विश्व में मशाल की यात्रा शुरू हो गई । इस मशाल का आखिरी पड़ाव पेरिस होगा, जहां ओलंपिक खेलों के दौरान यह मशाल लगातार जलती रहेगी।

मायकोलास ने 38 साल पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

डिस्कस थ्रो में 74.35 मीटर दूर चक्का फेंका

रामोना अमेरिका (एजेंसी)। लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने डिस्कस थ्रो का 38 साल पुराना विश्व कीर्तिमान भंग कर दिया। उन्होंने 1986 में जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट की ओर से स्थापित 74.08 मीटर के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। अलेक्ना ने ओकलाहामा थ्रोज सीरीज कंपटीशन में 243 फुट 11 इंच 74.35 मीटरद्ध दूर चक्का फेंका। वर्ल्ड एथलेटिक्स के मुताबिक अलेक्ना का थ्रो 244 फुट 1, 74.41 मीटर इंच नापा गया था, लेकिन बाद में इसे 74.35 मीटर कर दिया गया।

दीपिका सोरेंग हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार से सम्मानित

नई दिल्ली (एजेंसी)। हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम की फारवर्ड दीपिका सोरेंग वर्ष के उभरते खिलाड़ी के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार से सम्मानित किया है। पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर दीपिका सोरेंग ने हॉकी इंडिया का हार्दिक आभार व्यक्त किया। दीपिका को वर्ष 2023 के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिय इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने महिला

जूनियर एशिया कप में टीम के लिए पदार्पण करते हुए छह मैचों में सात गोल दागकर टीम को स्वर्ण पदक जीतने में मदद की और टूर्नामेंट में टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में उभरीं। पुरस्कार मिलने के बाद दीपिका ने कहा, मुझे यह सम्मान देने के लिए मैं हॉकी इंडिया का आभार व्यक्त करती हूं। जब मेरे नाम की घोषणा की गई तो यह मेरे और मेरे परिवार के लिए एक यादगार पल था। पुरस्कार राशि और पुरस्कार जीतना बहुत बड़ी बात है।

विदित ने नाकामुरा को फिर दी मात

टोरंटो कनाडा। फीडे कैंडिडेट शतरंज में खेले गए नौवे राउंड के मुकाबलों के बाद भारतीय खिलाड़ियों की कैंडिडेट जीतने की संभावना मजबूत बनी हुई है। इस राउंड के बाद फिलहाल भारत के डी गुकेश 5.5 अंक बनाकर रूस के दो बार के कैंडिडेट विजेता यान नेपोमनिशी के साथ सयुंक्त बढ़त पर चल रहे हैं और अब अगले राउंड में दोनों के बीच होने वाला मुकाबला बेहद निर्णायक साबित हो सकता है। नौवे राउंड में भारत के विदित गुजराती एक बार फिर से हार के बाद जीत से वापसी करते नजर आए और उन्होने इस टूर्नामेंट में दूसरी बार भी विश्व के नंबर 3 खिलाड़ी यूएसए के हिकारु नाकामुरा को पराजित कर दिया।

कला जगत

डा परदेशी राम वर्मा

कालजई धुनों के रचयिता मुरली चंद्राकर

छत्तीसगढ़ में बालोद जिले के अर्जुंदा ग्राम में 1932 को मुरली चंद्राकर का जन्म हुआ। आप भिलाई इस्पात संयंत्र में शिक्षक रहे। इसके साथ ही लोक मंच चंदैनी गोंदा के मंच में तबला वादक के रूप में पहचान बनाई। आप प्रसिद्द तबला वादक जगन्नाथ भट्ट से संगीत की शिक्षा ली थी। जल तरंग और आरी तरंग वादन करते हुए अजगर जी के साथ काफी रियाज किए। आपने छत्तीसगढ़ी फिल्म कारी का भी सफल निर्देशन किया। इसी तरह संगीत जगत में प्रयोगवादिता के रूप में आपकी विशेष पहचान रही। आपके संगीतबद्ध रचनाएं कालजई हो गई हैं। आज भी आकाशवाणी के माध्यम से आपके संगीत से सजे गीतों की प्रस्तुति होते रहते हैं। श्रोता मंत्रमुग्ध होकर इन गीतों को सुनते हैं। आपके संगीतबद्ध यह रचनाएं -

ऐ दे जिनगी के नई हे ठिकाना
लहर गंगा ले लेतेन जोड़ी.....
देखे देवर बाबू, तोर भईया के चाल.....

जनजाति विशेष

डा महेश श्रीवास्तव

विकास से कोसों दूर बिरहोर जनजाति

सरगुजा और रायगढ़ अंचल में निवास करने वाली बिरहोर जनजाति का ऐसा समूह जो वर्तमान में स्थाई जीवन पद्धति को अपना लिया है उसे जांघी बिरहोर कहा जाता है। इस समुदाय के लोग अब उथलू बिरहोर से काफी समानता रखते हैं। इनके सदस्य अपने निवास स्थल के आसपास जंगल व झाड़ियों को साफ कर कृषि हेतु जमीन तैयार कर उसमें कमोबेश खेती करने लगे हैं। यह जनजाति वर्ष भर में बरसात के दिनों को छोड़ कर छोटे छोटे समूहों में अपने परिवार के साथ जंगल व पहाड़ों में खाद्य सामग्री की तलाश में घूमते रहते हैं। परिवार के अविवाहित सदस्य अपने मुखिया के नेतृत्व में जीवन की आवश्यक वस्तुओं के साथ अपने इष्ट देव (लकड़ी या पत्थर के रूप में) को साथ रखना नहीं भूलते। पुरुष सदस्य अपने साथ शिकार करने हेतु जाल, औजार तथा हथियार रखते हैं तथा महिलाएं बांस के पत्ते की चटाई, टोकरी एवम्-अन्य घरेलू सामान तथा भोज्य पदार्थ लेकर चलती हैं।

पुस्तक समीक्षा

छत्तीसगढ़ के साहित्य साधक

कृति के नाव
छत्तीसगढ़ के साहित्य साधक

लेखक
प्रो अश्विनी केशरवानी

प्रकाशक
श्री प्रकाशन दुर्ग

पुस्तक समीक्षा
डा पुष्पलता मिश्रा

मूल्य
तीन सौ रुपए

हम सभी जानते हैं कि छत्तीसगढ़ की साहित्यकार परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है, लेकिन आज से साठ से सत्तर दशक के रचनाकारों की कृतियों को पढ़ना चाहें तो आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती। इससे इन साहित्यकारों के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं मिल पाता। यहां लेखक ने उन साहित्य पुरोधाओ को अपनी पुस्तक के माध्यम से रखने का अच्छा प्रयास किया है। इस पुस्तक से हम अपने साहित्यिक पुरोधाओं के बारे में विस्तार से जान और समझ सकते हैं तथा साहित्य से संबंधित लाभ उठा सकते हैं। इसे दुर्लभ पुस्तक की श्रेणी में हम रख सकते हैं।

बस्तर अंचल में माना जाता है कि आम के पेड़ पर साक्षात देवता विराजमान होते हैं, इसलिए इस आम फल को खाने में उपयोग करने से पहले अक्षय तृतीया के दिन विधिवत पूजा की जाती है। इस अनुष्ठान को आमा अख्तई तिहार कहा जाता है। मान्यतानुसार इस पूजा में पितरों को तर्पण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की जाती है।

बस्तर में मनाया जाता है आमा अख्तई तिहार

परब विशेष : यामिनी पांडे

आम के पेड़ का हमारी संस्कृति में काफी महत्व देखा जाता है। आम की लकड़ी का उपयोग हवन में तथा इसके पत्ते का तोरण पूजा के समय बनाया जाता है, वहीं आम का उपयोग फल के रूप में करते हैं तथा आम को फलों का राजा भी कहा जाता है। बस्तर अंचल में माना जाता है कि आम के पेड़ पर साक्षात देवता विराजमान होते हैं, इसलिए इस आम फल को खाने में उपयोग करने से पहले अक्षय तृतीया के दिन विधिवत पूजा की जाती है। इस अनुष्ठान को आमा अख्तई तिहार कहा जाता है। पूजा के लिए इस दिन परिवार के मुख्य सदस्य जो सामान्यतः पुरूष होते हैं वे आम के नए फलों को पेड़ से तोड़कर लाते हैं। यहां के निवासी आसपास के नदी तट पर जाकर स्नान करने के बाद विधिवत पूजा करते हैं। मान्यतानुसार इस पूजा में पितरों को तर्पण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की जाती है। जब तक नदी तट में पूजा की विधि पूरी होती है तब तक घर में गृहिणियां आम की सब्जी, चटनी, आम वाली दाल, चिवड़ा और गुड़ मिश्रित सूक्सी (मछली) की सब्जी बनाती हैं। पूजा के बाद घर के लोग अपने से बड़े सदस्यों से आशीर्वाद लेकर सामूहिक भोजन करते हैं। लोगों में ऐसी धारणा है कि पूजा के पूर्व आम का उपयोग करने से देवी प्रकोप का असर किसी न किसी रूप में देखा जाता है।

पहाड़ी वाली माता रानी के दरबार में पूरी होती है मन्नत

आस्थाः तिलकेश्वरी पठारे

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में लौह अयस्क दल्ली राजहरा के बीहड़ जंगलों और पहाड़ों के बीच माता रानी का भव्य दरबार है। इस पहाड़ी वाली माता का भव्य मन्दिर जमीन तल से लगभग 200 मीटर की ऊंचाई पर है। मान्यतानुसार इस स्थान पर लगभग 1958-59 में खदान की खुदाई हुई। जब खदान में मजदूर काम कर रहे थे, उसी दौरान वहां पर पत्थरों के बीच मे स्वयंभु गणेश की प्रतिमा प्राप्त हुई जिसमें पहले से ही चांदी का आंख लगा हुआ था। यहां के भक्त के पास आए स्वप्न के अनुसार इसी स्थल पर भव्य माता मंदिर और गणेशजी की स्थापना की गई। इस स्थान को मयूर पानी खदान कहा जाता है। मंदिर में अनेक चमत्कारी प्रभाव को देखकर भक्तों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भक्त यहां कठिन रास्तों से होकर मनोकामना पूर्ति हेतु पहुंचते हैं तथा ज्योति कलश प्रज्जवलित कराते हैं। छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे राज्यों और विदेशों से भी भक्त यहां पहुंचते रहते हैं। मंदिर परिसर में भैरव बाबा, शिवलिंग, बजरंग बली एवं शीतल माता भी विराजित हैं।

ऐतिहासिक

घनश्याम सिंह नाग

किवंदती है कि छचान चोंढीन बहादुर कलारीन की यहां शराब भट्टी हुआ करती थी, इसलिए इस चट्टान को भाटी पखना कहते हैं।

अनेक अवशेष मौजूद हैं भाटी पखना में

बस्तर की प्राचीन राजधानी बड़े डोंगर के पास बारदा नदी में एक विस्तृत चट्टान फैला हुआ है, संभावना है कि पहले यह नदी का तट रहा होगा तथा कटाव के कारण नदी में मिल गया हो। चट्टान में हैंडीनुमा अनेक गोल गोल कुंड हैं, तथा चट्टान के किनारे चूल्हे की आकृति बनी हुई है। किवंदती है कि छचान चोंढीन बहादुर कलारीन की यहां शराब भट्टी हुआ करती थी, इसलिए इस चट्टान को भाटी पखना कहते हैं। शराब बनाने के लिए महुए को हांडी में डुबो कर रखा जाता है जब महुआ शराब बनने लायक हो जाता है तो उसे पास आना कहते हैं, तथा जिस हांडी में पास आने के लिए महुआ डुबोया जाता है उसे पास हांडी कहते हैं। बहादुर कलारीन सात सागर सात कोरी एक सौ सैतालिस हांडी पास का शराब बनाती थी, जिसे खरदूषण अकेला पी जाता था।

गांव की कहानी

कृष्ण रंजन

राजाओं के विरासत का साक्षी खैरागढ़

पिपरिया, मुसका और आमनेर नदी के मध्य में एक दुर्ग बना कर अपने नाम से एक नवीन नगर का श्रीगणेश किया। पहले इस नगर का नाम खड़गढ़ था। धीरे धीरे राज्य के नाम अनुसार खैरागढ़ में परिवर्तित हो गया।

छत्तीसगढ़ के नव निर्मित जिला गंडई -खैरागढ़ -छुईखदान जिला मुख्यालय राजनांदगांव से तीस कि मी दूरी पर राजा खड़गराय नरेश द्वारा सन 1755 ई में बसाया गया था। पिपरिया, मुसका और आमनेर नदी के मध्य में एक दुर्ग बना कर अपने नाम से एक नवीन नगर का श्रीगणेश किया। पहले इस नगर का नाम खड़गढ़ था। धीरे धीरे राज्य के नाम अनुसार खैरागढ़ में परिवर्तित हो गया। सन 1743 में नागपुर के मराठा नरेशों ने छत्तीसगढ़ प्रदेश को महाराज मंडला तथा रतनपुर से छिन कर अपने अधीन कर लिया। इस कारण खैरागढ़ का संबंध मंडला से विछिन्न होकर नागपुर से जुड़ गया। सन 1755 में मृत्यु के पूर्व रघोजी ने खड़गराय को नागपुर बुलवाया और उनसे नवीन संधि की, इसके अनुसार 500 नागपुरी रुपए वार्षिक कर ठहराया गया। खैरागढ़ और मंडला से उन्हें जो अधिकार मिला था, उसे नागपुर ने भी स्वीकार कर लिया।

श्रीकला, बाबू कुशवाहा या फिर कृपाशंकर पर बरसेगी जौनपुरवासियों की कृपा, मुकाबला हुआ दिलचस्प!

प्रखर जौनपुर। बहुजन समाज पार्टी ने उत्तर प्रदेश की जौनपुर लोकसभा सीट से बाहुबली नेता धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी का नाम जब से आया है। तभी से जौनपुर की राजनीति में नया मोड़ आ गया है। धनंजय सिंह जेल जाने से पूर्व स्वयं जौनपुर से ताल ठोकने के मूड में थे। लेकिन जेल जाने के बाद स्थितिया व परिस्थितिया दोनो बदल गई। लेकिन लगातार चुनाव लड़ने की बातों से इनकार नहीं किया जा रहा था। लगातार उनके जमानत की उनके वकील कोशिश करते रहे लेकिन उन्हें जमानत नहीं मिल सकी! आखिरकार जिस पार्टी से 2009 में सपा के पारस नाथ को हराकर

कभी सांसद बने थे, उसी पार्टी से घुमा फिराकर उनकी पत्नी को टिकट मिल गया। टिकट मिलने के बाद जौनपुर लोकसभा में नई चर्चा शुरू हो गई है। बता दे कि भाजपा ने अपनी पहली लिस्ट में ही जौनपुर लोकसभा सीट को फाइनल कर दिया था। महाराष्ट्र की राजनीति के कद्दावर नेता व जौनपुर के मूल निवासी कृपा शंकर सिंह को यहां से प्रत्याशी घोषित कर तमाम बीजेपी के अग्रज नेताओं के मंसूबों पर पानी फेर दिया। वहीं दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी ने कुछ दिन

पहले ही मायावती सरकार में हुए एनआरएचएम नाम के बड़े घोटाले के सूत्रधार रहे बाबू सिंह कुशवाहा को यहां से प्रत्याशी घोषित कर सपा की तमाम नेताओं को अचंभित कर दिया। जिसके बाद बाबू सिंह कुशवाहा का समाजवादी पार्टी से टिकट घोषित होने के बाद लगातार पार्टी के बड़े नेता उनका विरोध करते दिखे। इन सबके बाद जौनपुर लोकसभा पूरे देश में चर्चा का विषय बन गई है। जौनपुर लोकसभा सीट पर जातिय समीकरण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। लेकिन लोकसभा चुनाव में देश के राजनीतिक मिजाज के साथ जाति का गणित भी ज्यादा महत्वपूर्ण रहता है। जातीय गणित में कई बार लोकसभा के स्थानीय मुद्दे भी गायब हो जाते हैं। अब अगर जौनपुर लोकसभा के जातीय समीकरण की बात करे तो यहां की 87 प्रतिशत आबादी हिन्दू है और 12 प्रतिशत मुस्लिम, एक प्रतिशत अन्य है। यहां यादव, पासी, ठाकुर व पंडित जातियों की बाहुलता है। वर्तमान में जौनपुर लोकसभा से बसपा- सपा गठबंधन के सांसद श्याम सिंह यादव हैं। बता दें कि बसपा सपा गठबंधन के बाद बसपा व सपा का कैडर वोट एक साथ श्याम सिंह यादव को मिल गया था। जिसके बाद श्याम सिंह यादव ने भारतीय जनता पार्टी के 2014 में सांसद बने केपी सिंह को 2019 में हरा दिया। लेकिन इस बार स्थिति व परिस्थिति दोनों अलग है। सपा व बसपा दोनों अलग-अलग चुनाव लड़ रही हैं। जिसके बाद साफ तौर पर बीजेपी यह मान के चल रही है की कृपा शंकर सिंह को अगर सामान्य जाति का पूरा वोट मिल जाता है। और अदर ओबीसी का वोट को बीजेपी अपने पाले में लाने में सफल रहती है तो बीजेपी के लिए जौनपुर लोकसभा सीट आसान हो सकती है! क्योंकि सामान जाति के वोटो की संख्या अच्छी खासी है। वहीं दूसरी तरफ मुस्लिम यादव वोटो की संख्या भी सामान्य जाति के वोटो की संख्या के ही आसपास है। वही दूसरी तरफ सपा भी अपनी जीत को सुनिश्चित मानकर चल रही है। क्योंकि अगर यादव और मुस्लिम वोट पूरी तरह सपा की तरफ मोल्ड होता है, तो सपा की भी यहां से जीत हो संभव है! लेकिन धनंजय सिंह की पत्नी को बसपा का टिकट मिलने के बाद स्थितियां बदल चुकी हैं। अब पूरी तरह जौनपुर लोकसभा सीट त्रिकोणीय दिखाई दे रही है। धनंजय सिंह की पूरे जौनपुर में अच्छी खासी लोकप्रियता है। जिसको भुनाने में धनंजय सिंह के समर्थक कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। धनंजय सिंह की सामान्य जाति, यादव जाति, मुस्लिम व अन्य ओबीसी जाति के वोटरों में भी अच्छी खासी पैठ है। साथ ही उनकी पत्नी को बसपा का टिकट मिलने के बाद बीएसपी का कैडर वोट भी धनंजय सिंह की पत्नी के पाले में जाता हुआ दिख रहा है, जिसके बाद समर्थन धनंजय सिंह की पत्नी की जीत सुनिश्चित मान रहे हैं। लेकिन राजनीतिक पंडितों का कहना है कि मामला त्रिकोणीय होने के बाद भी बीजेपी का पलड़ा यहां पर भारी है। बतादे कि जौनपुर लोकसभा सीट पर करीब पौने दो लाख क्षत्रिय मतदाता है। यही कारण है कि यह सीट आजादी के बाद सात बार क्षत्रिय नेताओं के हाथ में रही है। 1962 में हुए लोकसभा चुनाव में जनसंघ के ब्रह्मजीत सिंह ने कांग्रेस के बीरबल सिंह को हराया था। 1963 में ब्रह्मजीत सिंह की मौत हुई तो इसी साल उप चुनाव में कांग्रेस प्रत्यासी राजदेव सिंह ने जनसघ मुखिया पं दीनदयाल को शिकस्त दी और 1963, 1967, 1971 तक जीत हासिल की। आखिरी बार 1984 में कांग्रेस को जीत नसीब हुई थी। 1977 के सत्ता विरोधी लहर के बाद 1980 में जहां कांग्रेस ने पूरे देश में वापसी कर बहुमत के साथ सरकार बनाई थी, लेकिन यह सीट हार गई थी। जनता पार्टी एस उम्मीदवार डॉक्टर अजीजुल्लाह आजमी ने कांग्रेस के राजदेव को हराया था। 1989 में पहली बार भाजपा का खाता यादवेंद्र दत्त ने कांग्रेस के कमला प्रसाद सिंह को हराकर खोला था। वहीं, 2009 में बाहुबली धनंजय सिंह को बसपा ने मैदान में उतारा और उन्होंने सपा के पारस नाथ यादव को हराकर कर सीट बसपा की झोली में डाल दी। 1999 के बाद 15 साल इंतजार के बाद 2014 में मोदी लहर में सीट भाजपा के केपी सिंह के पास चली गई। और 2019 में बसपा सपा गठबंधन के बाद यह सीट बसपा के खाते में चली गई। अब तक हुए चुनाव के परिणामो में 1952 बीरबल सिंह (कांग्रेस), 1957 गणपत राम (कांग्रेस), 1962 ब्रह्मजीत (जनसंघ), 1967 आरदेव (कांग्रेस), 1971 राजदेव सिंह (कांग्रेस), 1977 राजदेव सिंह (कांग्रेस), 1980 यादवेंद्र दत्त दुबे (भारतीय लोक दल), 1984 अजीजुल्ला (जनता पार्टी), 1989 कमला प्रसाद सिंह (कांग्रेस), 1991 यादवेंद्र दत्त (भाजपा), 1996 अर्जुन सिंह यादव (जनता दल), 1998 राज केसर (भाजपा), 1999 पारसनाथ यादव (सपा), 2004 चिन्मयानंद (भाजपा), 2009 धनंजय सिंह (बसपा), 2014 कृष्ण प्रसाद (भाजपा) व 2019 श्याम सिंह यादव (बीएसपी) विजेता बने

108 एम्बुलेंस ने पेश की मानवता की मिशाल, दुर्घटनाग्रस्त कराह रही महिला को पहुंचाया अस्पताल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई गई 108 एम्बुलेंस उन लोगों के लिए ज्यादा फायदेमंद साबित हो रही है जिनका कहीं रास्ते में एक्सीडेंट हो जाता है। और उनका कोई भी जानने पहचानने वाला नहीं होता है। ऐसे में 108 एम्बुलेंस ऐसे लोगों के लिए बड़ी मददगार साबित होती है। ऐसा ही कुछ मंगलवार को मोहम्मदाबाद तहसील के इचौली ग्राम सभा के पास हुआ। जहां पर एक महिला जो सड़क क्रॉस कर रही थी और इसी दौरान बाइक ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई जिसकी जानकारी पर 108 एंबुलेंस पहुंची। और उसे पास के स्वास्थ्य केंद्र में एडमिट कराया। 108 एंबुलेंस के प्रभारी अखंड

प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार को 108 एंबुलेंस के लिए एक फोन आया। बताया गया कि सड़क किनारे एक महिला को बाइक से धक्का लगने के कारण घायल है। इसके बाद बताए गए लोकेशन पर पायलट जितेंद्र कुमार और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन विंध्यवासिनी बिंद तत्काल बताए गए लोकेशन इचौली पहुंचे। जहां पर महिला गंभीर रूप से घायल पड़ी थी महिला से बातचीत की जानकारी पर पता चला उसका नाम रिंकू पति सुरेश बिंद जो इचौली गांव की रहने वाली है। इस जानकारी के पश्चात तत्काल उसे एंबुलेंस में शिफ्ट कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों की टीम के द्वारा तत्काल उसका इलाज शुरू किया गया। उसके पश्चात महिला खतरे से बाहर बताई गई।

किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में लिटिल ब्लॉसम इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों का रहा दबदबा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिले के एसकेबीएम इंटर कॉलेज में राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ये आयोजन किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ गाजीपुर के तत्वाधान में किया गया, जिसमें लिटिल ब्लॉसम इंटरनेशनल स्कूल लारपुर बहरियाबाद के प्रतिभाशाली बच्चों ने प्रतिभाग कर विद्यालय के साथ क्षेत्र का नाम रौशन किया, इस प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में बच्चों के बेहतर प्रदर्शन किए जाने पर लिटिल ब्लॉसम इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक वाजिद अंसारी ने बच्चों और उनके कोच की हौसला अफजाई की और भविष्य में और कड़ी मेहनत कर और बेहतर मुकाम पाने की बात कही। किक बॉक्सिंग

प्रतियोगिता में चार बच्चों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया. जिनमें अबू हारिस जिब्रान 40 किलो, अंकित कुमार 20 किलो, शाहजेब हवारी 22 किलो, अमूल यादव 35 किलो, जबकि पांच बच्चों ने कांस्य पदक हासिल कर स्कूल के गौरव को बढ़ाया है. जो क्रमशः प्रिया कुमारी 45 किलो, अमरीश कुमार 30 किलो, पीयूष मद्धेशिया 30 किलो, शिवम यादव 29 किलो और विनीत कुमार 28 किलो भार वर्ग में मेडल जीत कर स्कूल का नाम रौशन किया है। इस प्रतियोगिता में लखनऊ, अयोध्या, आजमगढ़, गोरखपुर, बागपत, प्रयागराज, वाराणसी सहित कुल 15 जिलों ने प्रतिभाग किया।

बाराचवर द्वितीय के मंडल भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा का निधन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भाजपा मंडल बाराचवर द्वितीय के वर्तमान मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा उम्र 52 वर्ष का बिमारी के चलते गत रात्रि 9-30 बजे , चिकित्सा के दौरान बीएचयू वाराणसी में निधन हो गया।वह विगत कुछ दिनों से कैंसर से पीड़ित थे तथा पेट दर्द की शिकायत पर परिजनों द्वारा उन्हें कल ही बीएचयू वाराणसी में भर्ती कराया गया था, जहां उनका निधन हो गया। व्यवहार से अत्यंत विनम्र एवं सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले ओमप्रकाश कुशवाहा का पार्थिव शरीर देर रात उनके ग्राम पहराजपुर, थाना करीमुद्दीनपुर पहुंचने पर ग्रामीणों सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी लोग उनके घर पहुंच कर अपनी संवेदना प्रकट कर रहे है। ओमप्रकाश कुशवाहा की पत्नी उत्तम देवी एवं दो पुत्र अभिषेक कुशवाहा व आकाश कुशवाहा है। अंत्येष्टि बुधवार को गंगा तट गौसपुर के सुल्तानपुर घाट पर किया गया। मुखाग्नि बड़े बेटे अभिषेक कुशवाहा ने दिया। अपने होनहार कार्यकर्ता तथा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा के निधन

पर भारतीय जनता पार्टी में भारी शोक है। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय, श्यामराज तिवारी आदि ने उनके घर पहुंच कर पार्टी झंडा ओढ़ाकर अपने कार्यकर्ता को अंतिम विदाई दिया। संवेदना प्रकट करते हुए सुनील सिंह ने कहा कि ओमप्रकाश कुशवाहा जैसे इमानदार और कर्मठ लग्नशील कार्यकर्ता के निधन से भाजपा की अपुर्णीय क्षति हुई है। भारतीय जनता पार्टी गाजीपुर इस अचानक असामयिक निधन पर दुख के साथ पुरी तरह से परिवार के साथ है?। पूर्व जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि ओमप्रकाश कुशवाहा संगठन कार्यो के प्रति सदैव समर्पित व समयबद्ध कार्यकताओं में एक थे, उनका असमय निधन दुखद है। पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि ओमप्रकाश कुशवाहा पार्टी के मजबूत सिपाही थे जिनका निधन अत्यंत पीड़ा दायक है। ओमप्रकाश कुशवाहा के निधन पर जिला उपाध्यक्ष श्यामराज तिवारी, महामंत्री, ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह, दयाशंकर पांडेय, अवधेश राजभर जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, सम्पूणार्नंद उपाध्याय, सुरेश बिंद, शशांक राय, हिमांशु राय आदि ने दुःख व्यक्त किया है।

अखिलेश के कन्नौज से चुनाव लड़ने की अटकलें तेज, गुरुवार को ऐलान संभव!

प्रखर कन्नौज। कन्नौज लोकसभा सीट से सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने को लेकर चल रही अटकलबाजी पर कल यानि गुरुवार को विराम लग सकता है । सूत्रों की मानें तो अखिलेश यादव गुरुवार को कन्नौज आ रहे हैं । यही नहीं सपाइयों का दावा है कि अखिलेश यादव इस दौरान यहां से चुनाव लड़ने की घोषणा कर सकते हैं । सूत्र यह भी बताते कि 23 अप्रैल को नामांकन कराने की तैयारी है । वहीं बीते दिन अखिलेश यादव ने कन्नौज में प्रचार के दौरान पूछे जाने पर खुलकर ऐलान तो नहीं किया , लेकिन इशारों में कन्नौज से लड़ने का इशारा किया था । उन्होंने कहा था कि कन्नौज से दो दशक से भी ज्यादा पुराने रिश्ता है । कन्नौज मेरा घर है इसे नहीं छोड़ सकता है ।दरअसल , कन्नौज लोकसभा सीट से अखिलेश यादव लड़ेंगे कि नहीं इसको लेकर संशय बना हुआ । पहले चर्चा चली कि अखिलेश यादव कन्नौज से चुनाव लड़ेंगे । इसके बाद सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के भाई रणवीर सिंह के पौत्र तेज प्रताप यादव को कन्नौज से प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा तेज हुई । कहा जाने लगा कि अगर अखिलेश यादव ने कन्नौज

से चुनाव न लड़ने का निर्णय लिया तो संभव है कि वहां से तेज प्रताप यादव को उतार दिया जाए । हालांकि तेज प्रताप को लेकर रामपुर से प्रत्याशी बनाए जाने की भी थी । चर्चा है कि कन्नौज में सपा की देरी प्लान के तहत है । लोगों का कहना है कि अखिलेश इससे पहले दौरे में इशारा किया था । इस दौरान यहां से चुनाव लड़ने का ऐलान कर सकते थे पर नहीं किया इसके पीछे वजह थी कि सपा को लगाता था कि बीजेपी सुब्रत पाठक की जगह किसी और प्रत्याशी बना देती । यहीं नहीं अगर कन्नौज से अखिलेश यादव चुनाव लड़ने का ऐलान पहले कर देते तो सपाइयों का सारा फोकस कन्नौज पर हो जाता है । ऐसे में दिक्कत होती है । हालांकि यह तो लोगों के तर्क हैं । अब देखना अखिलेश यादव का निर्णय क्या होता है । बसपा प्रमुख मायावती ने कन्नौज से अकील अहमद को बसपा का प्रत्याशी बनाया है । अकील लंबे समय तक सपा में रहे हैं । अकील के आने से अखिलेश यादव की मुश्किलें बढ़ सकती हैं । भाजपा ने यहां से पहले ही सुब्रत पाठक को प्रत्याशी घोषित कर दिया है । सुब्रत पाठक ने अंतिम दिन 25 को नामांकन करेंगे ।

सपा के प्रदेश महासचिव ई दयाशंकर सिंह यादव सैकड़ों कार्यकताओं सहित भाजपा में शामिल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में उपमुख्यमंत्री डॉ बृजेश पाठक द्वारा पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर आज भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन पर सैकड़ों साथियों संग पहुंचे जमानियां विधानसभा के दिल्लाचावर गांव के मूल निवासी, समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्र नेता रहे इं दयाशंकर सिंह यादव का जिला अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने स्वागत अभिनन्दन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत लक्ष्य को पूरा करने में ई दयाशंकर सिंह यादव ने अपनी आस्था और निष्ठा व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करना भाजपा की नैतिक विजय है। उन्होंने कहा कि देश को

परम वैभव पर पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा महामनिषियो ने भारतीय जनता पार्टी की स्थापना किया। जो देश की एकता और अखंडता को अच्छुण रखते हुए देश में एक निशान, एक प्रधान और एक संविधान के लिए त्याग और बलिदान का इतिहास रचा है। स्वागत से अभिभूत ई दयाशंकर सिंह यादव ने कहा कि भाजपा के लक्ष्य चार सौ पार के पुर्ण सफलता मे मेरा पूरा पूरा योगदान रहेगा और कहा कि भाजपा गरीब, कमजोर और गरीबो की हित रक्षक पार्टी है। जिसके सिद्धांतों और विचारों से प्रेरित प्रभावित होकर हमने पार्टी सदस्यता ग्रहण किया है। आयोजित कार्यक्रम को भाजपा नेता रासबिहारी राय, मयंक जायसवाल, दिलिप गुप्ता, अमरनाथ दूबे और गोपाल राय ने भी सम्बोधित किया। संचालन जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा ने किया। इस अवसर पर दिलिप गुप्ता, राजन प्रजापति, समरेंद्र सिंह, अविनाश सिंह, मयंक जायसवाल, नितिश दूबे, सुनील यादव, जय शंकर यादव ग्राम प्रधान, मुरली कुशवाहा, अनुराग प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

फरेंदा के डाकघर मे सीबीआई की पड़ी रेड, घूस लेते रंगेहाथ इंस्पेक्टर गिरफ्तार

प्रखर महराजगंज। जनपद महराजगंज थाना क्षेत्र फरेंदा स्थित उपडाकघर मे लखनऊ से जांच करने पहुंची एंटी करप्शन ब्यूरो ने रंगेहाथों घूस लेते हुए डाक विभाग के इंस्पेक्टर आलोक चौधरी को गिरफ्तार कर अपने साथ लखनऊ ले गयी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर लगभग दो बजे फरेंदा कस्बे के उपडाकघर मे तैनात एसडीआई को लखनऊ की एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने घुस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसपीएम पद पर तैनात मनोज विश्वकर्मा ने एंटी करप्शन को फोन पर शिकायत दर्ज कराया था कि बृजमनगंज से आनंद नगर तबादले के लिए विभाग के इंस्पेक्टर आलोक चौधरी द्वारा 40000 रुपये घूस मांगा जा रहा है। मामला सही पाये जाने पर लखनऊ से सीबीआई टीम महराजगंज पहुंच कर मनोज विश्वकर्मा को 20000 रुपये देकर आलोक चौधरी के पास भेजा जैसे ही उसने हाथ में पैसा पकडा। सीबीआई ने उसे दबोच लिया। खबर मिली है कि डाक विभाग में तैनात एसडीआई आलोक चौधरी द्वारा कर्मचारियों से पोस्टिंग व

ट्रांसफर के नाम पर घुस लेने का काम करता था। खबर मिली हैं कि एसडीआई को एंटी करप्शन ब्यूरो टीम ने पूछताछ के लिए अपने साथ लखनऊ ले गए। एंटी करप्शन ब्यूरो टीम की इस छापेमारी से जिले भर के पोस्ट ऑफिस में हड़कंप मच गया हैं।

संक्षिप्त खबरें

अटेसुवा ग्राम प्रधान मटरु यादव द्वारा सराहनीय कार्य

वाराणसी। हरहुआ ब्लॉक अंतर्गत अटेसुवा ग्राम सभा मे पिछले कई सालो से आरसीसी सड़क जो की कई छोटी बड़ी बस्तियों को जोड़ता है और गाव की आधी आबादी उसी रास्ते से होकर गुजरती है । कई सालो से रोड टूटा हुआ था । जिससे आये दिन कोई न कोई हादसे का शिकार हो जाता था । पिछले कुछ दिन पहले सऊदी अरब से तीन साल बाद अपने

घर ईद मनाने आ रहे गफ्फर अली पुत्र रहमान अली का ऑटो हि पलट गया । जिससे उनको चोट भी लगी और पैर भी टूट गया । इसकी जानकारी जब हमारे ग्राम प्रधान व उनको सहयोगी डॉक्टर बी.एल यादव को मिली तो उन्होंने तुरंत गफ्फार अली के घर पहुंच कर उनका हाल चाल लिया । और मामले को संज्ञान मे लेते हुए तुरंत सड़क निर्माण के लिए कहा । और कुछ हि दिनों के बाद सड़क बनना सुरु हो गया और सड़क का कार्य प्रगति पर है ।

नवगीत के प्रतीक माहेश्वर तिवारी का निधन, साहित्य चेतना समाज ने की शोक सभा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बुधवार को साहित्य चेतना समाज की शोक सभा संस्था के अध्यक्ष डॉ0 रविनन्दन वर्मा के पीरनगर स्थित आवास पर अयोजित की गई, जिसमे में नवगीत के पर्याय ख्यातिलब्ध नवगीतकार माहेश्वर तिवारी के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया

गया साथ ही 2 मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा के शांति की प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने कहा कि बस्ती जनपद के मलौली ग्राम में जन्में,वर्तमान में मुरादाबाद में रहने वाले हिन्दी नवगीत के प्रतीक पुरुष के निधन से नवगीत विधा की अपूरणीय क्षति हुई है। 'हरसिंगार कोई तो हो, नदी का अकेलापन, फूल आया है कनेरों में' इनके प्रमुख नवगीत-संग्रह हैं। इनका स्वर अत्यंत कर्णप्रिय था।अनूठे बिम्बों एवं सांस्कृतिक प्रतीकों के माध्यम से लिखे गये इनके नवगीत हृदय में उतर जाने वाले हैं। शोक सभा में प्रमुख रूप से हीरा राम गुप्ता, डॉ.अक्षय पाण्डेय, कामेश्वर द्विवेदी, राजीव मिश्र, प्रभाकर त्रिपाठी, संजीव गुप्त, अमरनाथ तिवारी अमर, शशिकांत राय, आनन्द प्रकाश अग्रवाल आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर एवं संचालन संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।

आईएएस परीक्षा में 10वां रैंक हासिल कर कलेक्टर बनी एश्वर्यम

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज के कोल्हुई थाना क्षेत्र बहदुरी के मंझरिया गांव निवासी डा.राम कोमल प्रजापति की बेटी ऐश्वर्यम प्रजापति ने अपने पहले ही प्रयास में देश की सबसे बडी प्रशासनिक परीक्षा (UPSC) आईएएस मे पूरे देश मे दसवा स्थान प्राप्त कर महराजगंज जिले का मान सम्मान बढ़ाया है।एश्वर्या के पिता डा.राम कोमल प्रजापति कोल्हई क्षेत्र के मंझरिया गांव के एक किसान परिवार से है वर्तमान में लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं।ऐश्वर्या प्रजापति की प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ के रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी में हुई। बीटेक उत्तराखंड से करने के बाद वर्तमान में वह विशाखापट्टनम एलएनटी में बतौर इंजीनियर कार्यरत हैं। नौकरी के साथ सिविल सर्विसेज की तैयारी लगी रही। ऐश्वर्यम प्रजापति के बाबा केदार प्रजापति सहित क्षेत्र के तमाम लोगों ने खुशी जाहिर किया।गांव पहुंच कर लोग बधाई दे रहे हैं। बधाई का सिलसिला जारी है। उसकी इस ऐतिहासिक सफलता पर फरेंदा विधायक वीरेन्द्र चौधरी, भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह,कोल्हुई के पूर्व प्रधान मनोज कुमार सिंह, योगेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य दीपक पांडे, प्रेम शंकर पांडेय, रामकेश प्रजापति, कुंज बिहारी प्रजापति, कालिका सिंह, उपेंद्र सिंह, हृदय उपाध्याय, विकास उपाध्याय, अशोक तिवारी, दुर्गा पांडेय, नागेंद्रप्रसाद शुक्ल, धनंजय चौबे, सिंह, उपेंद्र सिंह, हृदय उपाध्याय, विकास उपाध्याय, अशोक तिवारी, दुर्गा पांडेय, नागेंद्र प्रसाद शुक्ल, धनंजय चौबे, डा जितेंद्र सिंह, डा ए एजाजी, डा अरशद, डा अनिल सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, चुन्ना खान, गोलू राय, अरविंद राय, मनोज राय, सुनील राय, पप्पू यादव, महंत सुरेंद्र यादव, संजीव राय, आदि लोगो ने बधाई दी है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं